संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -297 मंगलवार , 29 अगस्त 2023, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## भारत का पहला सूर्य मिशन सितंबर में होगा लॉन्च

### इसरो ने कहा कि आदित्य-एल1 मिशन के साथ सूर्य का व्यवस्थित अध्ययन करने के लिए सात वैज्ञानिक पेलोड ले जाएगा

**चेन्नई,28 अगस्त 2023(ए)।** भारत का पहला सौर अन्वेषण मिशन आदित्य-एल1 उपग्रह सूर्य की सतह का व्यवस्थित अध्ययन करने के लिए देश में विभिन्न प्रयोगशालाओं द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित सात वैज्ञानिक पेलोड ले जाएगा। जो सितंबर के पहले सप्ताह में लॉन्च किया जाएगा।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बताया कि आदित्य एल-1 के साथ 7 पेलोड (नीतभार) भी अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे। ये पेलोड सूरज की प्रकाशमंडल, वर्णमंडल और सबसे बाहरी परत का अध्ययन करेंगे। सात में से चार पेलोड लगातार सूर्य पर नजर रखेंगे,जबकि तीन पेलोड परिस्थितियों के हिसाब से कणों और मैग्नेटिक फील्ड का अध्ययन करेंगे।

इसरो ने कहा कि आदित्य-एल1 मिशन के साथ सूर्य का व्यवस्थित अध्ययन करने के लिए सात वैज्ञानिक पेलोड ले जाएगा। इसके अलावा विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ (वीईएलसी) सौर कोरोना और कोरोनल मास इजेक्शन की गतिशीलता का अध्ययन करता है। अंतरिक्ष यान वैद्युत-चुम्बकीय और कण और चुंबकीय क्षेत्र संसूचकों का उपयोग करके फोटोस्फीयर, क्रोमोस्फीयर और सूर्य की सबसे बाहरी परतों (कोरोना) का निरीक्षण करने के लिए सात नीतभार ले जाएगा।



**अंतरिक्ष यान वैद्युत-चुम्बकीय और कण और चुंबकीय क्षेत्र संसूचकों का उपयोग करके फोटोस्फीयर, क्रोमोस्फीयर और सूर्य की सबसे बाहरी परतों (कोरोना) का निरीक्षण करने के लिए सात नीतभार ले जाएगा**

विशेष सहूलियत बिंदु एल1 का उपयोग करते हुए, चार नीतभार सीधे सूर्य को देखते हैं और शेष तीन नीतभार लाग्रेंज बिंदु एल1 पर कणों और क्षेत्रों का यथावस्थित अध्ययन करते हैं, इस प्रकार अंतर-ग्रहीय माध्यम में सौर गतिकी के प्रसार प्रभाव का महत्वपूर्ण वैज्ञानिक अध्ययन प्रदान करते हैं। सौर अल्ट्रा-वायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप (एसयूआईटी) पेलोड अल्ट्रा-वायलेट (यूवी) के निकट सौर प्रकाशमंडल और क्रोमोस्फीयर की तस्वीरें लेता है और यूवी के निकट सौर विकिरण भिन्नता को भी मापता है।

आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट (एएसपीईएक्स) और प्लाज्मा एनालाइजर पैकेज फॉर आदित्य (पीएपीए) पेलोड सौर पवन और ऊर्जावान आयनों के साथ-साथ उनके ऊर्जा वितरण का अध्ययन करते हैं। सोलर लो एनर्जी एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर और हाई एनर्जी एल1 ऑर्बिटिंग एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर विस्तृत एक्स-रे ऊर्जा रेंज में सूर्य से आने वाली एक्स-रे फ्लेयर्स का अध्ययन करते हैं। मैग्नेटोमीटर पेलोड एल1 बिंदु पर अंतरग्रहीय चुंबकीय क्षेत्र को मापने में सक्षम है। आदित्य-एल1 के विज्ञान पेलोड देश में विभिन्न प्रयोगशालाओं द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किए गए हैं।

वीईएलसी उपकरण भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान, बैंगलोर में, इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स, पुणे में,एसयूआईटी उपकरण, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद में, एएसपीईएक्स उपकरण, अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला, विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र, तिरुवनंतपुरम में, पापा पेलोड, सोलेक्स और हेल1ओएस पेलोड यू आर राव सैटेलाइट सेंटर, बेंगलुरु में और मैग्नेटोमीटर पेलोड इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स सिस्टम प्रयोगशाला, बैंगलोर में विकसित किया गया है। सभी पेलोड इसरो के विभिन्न केंद्रों के निकट सहयोग से विकसित किए गए हैं।



## उपराज्यपाल ने शहीद मोहम्मद उमर डार के पिता को सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक सौंपा

**श्रीनगर, 28 अगस्त 2023(ए)।** मोहम्मद उमर डार को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक (मरणोपरांत) से सम्मानित किया गया। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने राजभवन में शहीद नागरिक श्री मोहम्मद उमर डार के पिता श्री गुलाम मोहम्मद डार को सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक, प्रशस्ति पत्र और एक चेक सौंपा। मोहम्मद उमर डार और उनके भाई इशफाक अहमद डार, जो जम्मू-कश्मीर पुलिस में एसपीओ के रूप में कार्यरत थे, को चट्टाबुघ बडगाम में उनके घर के अंदर आतंकवादियों ने मार डाला।उपराज्यपाल ने मोहम्मद उमर डार को श्रद्धांजलि अर्पित की और अपने परिवार के सदस्यों की जान बचाने में उनके द्वारा दिखाए गए अनुकरणीय साहस को सलाम किया। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, जीओसी 15 कोर; और मोहम्मद उमर डार के परिवार के सदस्य भी मौजूद थे।

## सीबीआई कोर्ट ने चारा घोटाले में 90 को ठहराया दोषी,35 बरी

**रांची,28 अगस्त 2023(ए)।** अभियुक्तों की संख्या के लिहाज से संयुक्त बिहार के चारा घोटाले के सबसे बड़े मुकदमे में सीबीआई की रांची स्थित स्पेशल कोर्ट ने सोमवार को फैसला सुना दिया है। 125 अभियुक्तों में से 35 को बरी और 90 को दोषी करार दिया गया। उन्हें अलग-अलग सजाएं सुनाई गई हैं। 52 को तीन-तीन साल की सजा सुनाई गई है। जिन अभियुक्तों को तीन साल की सजा सुनाई गई है, उनमें रांची के भाजपा के पूर्व विधायक गुलशन लाल अजमानी भी शामिल हैं। चारा घोटाले के पांच बड़े मामलों में से यह इकलौता मामला है, जिसमें बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव अभियुक्त नहीं थे।



यह मामला रांची के डोरंडा स्थित कोषागार से 36.59 करोड़ की अवैध निकासी का है। 1990-91 और 1994-95 की अवधि में फर्जी अलॉटमेंट लेटर के आधार पर सरकारी खजाने से अवैध निकासी हुई थी। इस मामले में वर्ष 1996 में केस संख्या आरसी 48 ए/96 के तहत सुनवाई चल रही थी। जिन चर्चित अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई गई है, उनमें डॉ. केएम प्रसाद, गौरीशंकर प्रसाद, सुनील कुमार सिन्हा, अजय कुमार सिंह , जगदीश प्रसाद, नंद किशोर सिंह, राजीव कुमार , नरेश प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, रविंद्र कुमार मेहरा, अजय वर्मा, डॉ. हीरालाल, डॉ. बिनोद कुमार, रामा शकर सिंह, अरुण कुमार वर्मा, शरद कुमार, अशोक कुमार यादव, राम नंदन सिंह, अजय कुमार सिंह, राजेंद्र कुमार सिंह सुरेश दुबे, मदन कुमार पाठक सहित अन्य शामिल हैं।

दोषी करार दिए जाने वालों में सबसे उम्रदराज तत्कालीन जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. गौरी शंकर प्रसाद भी हैं, जिनकी उम्र 90 वर्ष हो रही है। जिन अभियुक्तों को बरी किया गया है, उनमें एनुल हक, राजेंद्र पांडेय, राम सेवक साहू, दीनानाथ सहाय, साकेत, हरीश खन्ना, कैलाश मनी कश्यप, बलदेव साहू, सिद्धार्थ कुमार, निर्मला प्रसाद, अनिता कुमारी, एकराम, मो हुसैन, सनाउल हक, सैरु निशा, चंचला सिन्हा, ज्योति कक्कड़, सरस्वती देवी, रामावतार सिन्हा, रीमा बड़ाईक और मधु पाठक शामिल हैं।

लगभग 26 साल पुराने इस केस के 124 आरोपितों में से 62 का निधन ट्रायल के दौरान हो चुका है। आरोपितों में पशुपालन विभाग के कई बड़े अफसर, आठ कोषागार पदाधिकारी, 29 पशु चिकित्सक, रांची के पूर्व विधायक गुलशन लाल अजमानी, एक वक्त में लालू प्रसाद के करीबी माने जाने वाले बिहार प्रदेश 20 सूत्रीय कमेटी के तत्कालीन उपाध्यक्ष दयानंद प्रसाद कश्यप शामिल थे। आरोपियों में 9 महिलाएं भी थीं।

## आत्महत्या की फैक्ट्री बनी राजस्थान स्थित कोटा

### पांच घंटे के भीतर दो छात्रों ने की खुदकुशी,इस साल अब तक 22 छात्र दे चुके है जान

**जयपुर,28अगस्त2023 (ए)।** कोटा में परीक्षा में कम अंक आने पर एक ही दिन में पांच घंटे के भीतर दो छात्रों ने आत्महत्या कर ली। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कोटा में इस साल अब तक 22 छात्र अपनी जान दे चुके हैं। एएसपी भगवत सिंह हिंगड़ ने बताया कि दोपहर करीब तीन बजे लातूर (महाराष्ट्र) निवासी आविष्कार संभाजी कासले (16) ने कोटा के एक कोचिंग इंस्टीट्यूट की छठी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। कासले तीन साल से शहर के तलवंडी इलाके में रह रहा था और वह राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) की तैयारी कर रहा था।

वह परीक्षा देने के लिए दिन में कोचिंग सेंटर आया था। दूसरी घटना में, बिहार के 18 वर्षीय आदर्श को रविवार शाम को शाम करीब 7 बजे अपने कमरे में फंदे से लटका हुआ पाया गया। आदर्श चार महीने से अपने भाई-बहन के साथ कोटा के कुन्हाड़ी इलाके में रह रहा था और नीट की तैयारी भी कर रहा था। एएसपी ने बताया कि परीक्षा देने के बाद आदर्श आया और सीधे अपने कमरे में चला गया। शाम करीब 7 बजे जब उसकी बहन उसे खाने के लिए बुलाने आई, तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। इस पर बहन ने अपने दूसरे भाई को बताया और वे कुछ देर तक दरवाजा खटखटाते रहे। जब उन्होंने दरवाजा तोड़ा, तो आदर्श को फंदे पर लटका हुआ मिला। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बचाया नहीं जा सका।




पुलिस के मुताबिक शुरुआती जांच में पता चला है कि आदर्श को कोचिंग इंस्टीट्यूट के टेस्ट में लगातार कम नंबर मिल रहे थे। एएसपी ने कहा कि कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और उसके कमरे की जांच की जाएगी। 12 अगस्त को कोटा कलेक्टर ओपी बुनकर ने गाइडलाइन जारी कर कोचिंग संचालकों और सेंटरों को निर्देश दिए थे कि टेस्ट नहीं कराए जाएं। इसके बावजूद, कराए गए टेस्ट के बाद दो दुखद घटनाएं हुई।

बुनकर ने रविवार रात नया आदेश जारी किया। इसके तहत किसी भी कोचिंग संस्थान को दो महीने तक छात्रों के लिए परीक्षण आयोजित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस महीने में शिक्षा नगरी में इसके पहले ही चार आत्महत्याएं हो चुकी हैं।

## बम की सूचना पर इंडिगो विमान में मचा हड़कंप



**कोच्चि,28 अगस्त 2023(ए)।** कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को विमान में बम रखे होने की कॉल मिलने के बाद बेंगलुरु जा रहे इंडिगो के एक विमान को रनवे से वापस बुला लिया गया। जब कॉल आई तो विमान रनवे पर टैक्सी कर रहा था। यात्रियों और सामान को उतारने के बाद गहन तलाशी के बाद बम की कॉल अफवाह निकली। इसके बाद दोपहर 1 बजे से विमान को अपने गंतव्य की ओर जाने की अनुमति दे दी गई। इस बीच, स्थानीय पुलिस ने घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

## अनुच्छेद 370 पर बहस करने वाले शिक्षक का निलंबन

**नई दिल्ली ,28 अगस्त 2023 (ए)।** उच्चतम न्यायालय ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी को जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल से बात कर यह बताने को कहा है कि आखिर अनुच्छेद 370 विवाद पर बहस में भाग लेने के बाद वहां के एक शिक्षक को क्यों निलंबित किया गया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्य कांत की संविधान पीठ ने वेंकटरमणी से जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल से बात कर सच्चाई का पता लगाने को कहा।पीठ ने यह पता लगाने को कहा कि वहां के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक जहूर अहमद भट को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने खिलाफ दायर याचिकाओं पर संविधान पीठ के समक्ष बहस करने के बाद निलंबित क्यों किया गया था।




## सीएम के सुरक्षा चक्कर में चूक

### हेलीकॉप्टर लैंड करने पहुंचा और नीचे आ गए पशु

**हमीरपुर,28 अगस्त 2023(ए)।** हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हमीरपुर जिला के भोरंज विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने से पहले उनके हेलीकॉप्टर लैंडिंग के दौरान सुरक्षा चक्कर में बड़ी चूक हुई है। भोरंज सब डिवीजन के तहत कजंयाण हेलीपैड पर जब महज 50 फीट ऊपर हेलीकॉप्टर पहुंचा तो वहां भारी संख्या में आवारा पशु पहुंच गए जिस कारण वहां सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मचारियों के अलावा स्थानीय लोगों और प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप की स्थिति बन गई। गनीमत तो यह रही की वहां जुटी भारी भीड़ में अफरा तफरी नहीं मची। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू दोपहर 2:00 बजे के बाद हेलीकॉप्टर के माध्यम से आपदा के समय हुए नुकसान का जायजा लेने और आपदा प्रभावित लोगों से मिलने के लिए भोरंज विधानसभा क्षेत्र में अपने दौरे के दौरान आ रहे थे।



हेलीपैड पर कुछ ऊंचाई पर जब लैंड करने के लिए हेली कॉप्टर पहुंचा तो वहां भारी संख्या में पशु लैंडिंग स्थल पर दौड़ने लगे। सुरक्षा में लगे कर्मचारियों ने उन्हें वहां से भगाया। मुख्यमंत्री के यहां हेलीपैड पर पहुंचने के समय भारी संख्या में लोग भी वहां जुटे हुए थे और आवारा पशु जब वहां से भागने लगे तो लोगों में भगदड़ तो नहीं मची लेकिन कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण जरूर हुआ।

## दिल्ली में कुख्यात सद्दाम गौरी-सलमान त्यागी गैंग का सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली ,28 अगस्त 2023 (ए)।** दिल्ली पुलिस अपराध शाखा ने कुख्यात सद्दाम गौरी-सलमान त्यागी गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पुनीत शर्मा उर्फ अनिल के रूप में हुई है।

पुनीत शर्मा एक घोषित अपराधी है। पुनीत शर्मा हत्या और हथियार अधिनियम सहित नौ मामलों में शामिल है। विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) रवीन्द्र सिंह यादव ने बताया कि विशेष सूचना मिली थी कि सद्दाम गौरी-सलमान त्यागी गिरोह का साथी सुभाष नगर का निवासी पुनीत शर्मा, जो राजौरी गार्डन के एक डकैती मामले में घोषित अपराधी है, वह गैंगस्टर सद्दाम गौरी और दीपू बूंदा से मिलने और उनकी अदालती सुनवाई की तारीख पर मदद करने के लिए तीस हजारी कोर्ट आएगा।रवीन्द्र सिंह यादव ने कहा, गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए तीस हजारी कोर्ट परिसर के पास जाल बिछाया गया और मेट्रो स्टेशन, कश्मीरी गेट से पुनीत को सफलतापूर्वक पकड़ लिया गया। पूछताछ में पुनीत ने खुलासा किया कि वह सद्दाम गौरी और दीपक बूंदा से मिलने और संबंधित गतिविधियों पर चर्चा करने के लिए तीस हजारी कोर्ट आया था।



विशेष सीपी ने कहा, वर्ष 2005 में उसने सद्दाम, दीपक और अन्य के साथ मिलकर राजौरी गार्डन में एक ट्रांसजेंडर की हत्या कर दी थी। इस संबंध में एफआईआर भी दर्ज की गई थी। 2011 में उसे हरि नगर पुलिस स्टेशन में बलात्कार के एक मामले में गैंगस्टर सलमान त्यागी के साथ भी गिरफ्तार किया गया था।

स्पेशल सीपी ने बताया कि त्यागी और गौरी तिहाड़ जेल के अंदर से अपने साथियों के जरिए गैंग चला रहे हैं।

स्पेशल सीपी ने कहा कि वर्ष 2019 में गौरी, त्यागी, रोशन खल्ला, दीपक बूंदा पर हरि नगर पुलिस स्टेशन में मकोका के तहत मामला दर्ज किया गया था। वर्ष 2022 में यह गिरोह केशोपुर मंडी के पूर्व चेयरमैन अजय चौधरी की हत्या की साजिश में शामिल था।

## पहली बार जन्मभूमि मंदिर परिसर के बारह लगाई जाएगी स्क्रीन

**मथुरा ,28 अगस्त 2023 (ए)।** श्रीकृष्ण जन्म स्थान मंदिर परिसर के बाहर भी स्क्रीन इस बार बडी स्क्रीन लगाई जाएंगी जिससे श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का सीधा प्रसारण देखने की सुविधा मिल सके। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अब मंदिर के अंदर के साथ ही बाहर भी स्क्रीन पर जन्म के लाइव दर्शन होंगे। इस वर्ष पहली बार मंदिर के बाहर कई स्थानों पर लाइव टेलीकास्ट के लिए स्क्रीन लगाई जाएंगी। ये व्यवस्था मंडलायुक्त रितू माहेश्वरी के निर्देश पर की जाएगी। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सदस्य गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी के मुताबिक हम मंदिर के अंदर पहले भी स्क्रीन लगाते थे, इस बार मंदिर के बाहर भी लगाएंगे। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर अपने आराध्य के प्राकट्य का साक्षी बनने की लालसा लिए लाखों श्रद्धालु कान्हा की नगरी की ओर चल पडते हैं। पहनावे, भाषा, रंग रूप में अलग होते हुए भी सब के मन में एक ही लालसा रहती है कि वह अपने आराध्य प्रभु श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के साक्षी बन कर जीवन को धन्य कर लें। इस क्षण को अपनी आखों में बसाने के लिए श्रीकृष्ण जन्मस्थान के भागवत भवन, मंदिर परिसर और मंदिर के बाहर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जुट जाती है।



भागवत भवन में सीमित स्थान होने के चलते जैसे जैसे मध्यरात्रि के समय निकट आता है भीड़ का दबाव बढ़ने लगता है। हर कोई इस क्षण पर भागवत भवन के अंदर मौजूद रहने की कामना पाले होता है। लेकिन सभी भक्तों की यह मुराद पुरी नहीं होती है। भीड के दबाव को नियंत्रित करने के साथ ही यह प्रयास भी किया जा रहा है कि यहां पहुंचने वाले सभी श्रद्धालुओं को कान्हा के जन्म अभिषेक का साक्षी बनने का मौका मिले। मथुरा दौरो पर आई मंडलायुक्त के साथ बैठक में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान ने इस पर सहमति जताई है।

## संपादकीय

## कोई नई पार्टी नहीं जुड़ रही है इंडिया में

विपक्षी पार्टियों के गठबंधन 'इंडिया' की अगली बैठक मुंबई में 31 अगस्त और एक सितंबर के हो रही है। कांग्रेस, शिव सेना का उद्धव ठाकरे गुट और एनसीपी का शरद पवार गुट इस बैठक की तैयारियों में जुटा है। उद्धव, शरद पवार और अशोक चव्हाण ने तैयारियों को लेकर बैठक की है। अभी तक की जानकारी के हिसाब से कोई नई पार्टी इस बार नहीं जुड़ रही है। ध्यान रहे बेंगलुरू में हुई दूसरी बैठक में 10 से ज्यादा नई पार्टियां शामिल हुई थीं। पटना की पहली बैठक में 17 पार्टियों को बुलाया गया था, जिसमें से 15 पार्टियों के नेता शामिल हुए थे। बेंगलुरू में यह संख्या बढ़ कर 26 हो गई। उसके बाद से अंदाजा लगाया जा रहा था कि विपक्षी गठबंधन की अगली बैठक तक सहयोगी पार्टियों की संख्या में कुछ इजाफा हो सकता है। लेकिन अभी तक किसी नई पार्टी के जुड़ने की खबर नहीं है।

गौरतलब है कि पिछले महीने 18 जुलाई को विपक्षी गठबंधन की बैठक के दिन ही दिल्ली में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए की बैठक हुई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैठक की अध्यक्षता की थी। उसमें 38 पार्टियों ने हिस्सा लिया था। हालांकि ज्यादातर पार्टियां बहुत छोटी थी और उनके नेताओं की पहचान अपने चुनाव क्षेत्र से बाहर नहीं थी। लेकिन भाजपा ने यह मैसेज बनवाया था कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' से बड़ा उसका कुनबा है। बाद में प्रधानमंत्री मोदी एनडीए के सभी घटक दलों के सांसदों से मिले और भाजपा ने सभी घटक दलों के प्रवक्ताओं का प्रशिक्षण भी कराया। तभी कहा जा रहा था कि कांग्रेस और उसके सहयोगी भी कुछ छोटी पार्टियों को जोड़ेंगे। जैसे बिहार से पप्पू यादव की जन अधिकार पार्टी को बुलाए जाने की चर्चा थी। उन्होंने बेंगलूरू में नहीं बुलाए जाने पर नाराजगी भी जताई थी। लेकिन लगता है कि उनके बारे में कोई फैसला नहीं हुआ है। पूर्वोत्तर से भी कोई पार्टी नहीं जुड़ रही है। उत्तर प्रदेश की कई छोटी पार्टियां पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ लडी थीं लेकिन इस बार सब भाजपा से तालमेल की संभावना देख रहे हैं। तभी कहा जा रहा है मुंबई में विपक्षी पार्टियों की बैठक में 26 पार्टियां हिस्सा लेंगी, जिनके करीब 80 नेता बैठक में शामिल होंगे। पांच राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे, जिनमें दो मुख्यमंत्री आम आदमी पार्टी के होंगे। उनके अलावा पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी, तमिलनाडु के एमके स्टालिन और झारखंड के हेमंत सोरेन शामिल होंगे।

# कूटनीति भी है चुनाव का औजार



पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू से लेकर मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी को कूटनीति का चस्का रहा है। सारे प्रधानमंत्री घरेलू नीतियों के साथ साथ विदेश नीति को भी साधने और दुनिया में अपना नाम बनाने का प्रयास करते रहे हैं। इसके हवाले फिर चाहे नेहरू हों या वाजपेयी और मनमोहन सिंह या मोदी सबने किसी न किसी रूप में कूटनीति का राजनीतिक और चुनावी इस्तेमाल भी किया है। वाजपेयी की लाहौर की बस यात्रा रही हो या मनमोहनसिंह की परमाणु संधि इन सबका चुनाव में इस्तेमाल हुआ और पार्टियों को फायदा मिला। अब नरेंद्र मोदी कूटनीति का राजनीतिक इस्तेमाल कर रहे हैं। उनका हर विदेश दौरा एक मैसेज लिए होता है। मिसाल के तौर पर वे दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स देशों का सम्मेलन अटेंड करने के बाद यूनान गए तो प्रचार का सारा फोकस इस बात पर रहा कि 40 साल के बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री यूनान गया है और यूनान वह देश है, जो तुर्किये का विरोधी है और तुर्किये वह देश है, जिसने कश्मीर पर पाकिस्तान का साथ दिया था। सो, यूनान को ब्रह्मोस देने की बात भी भारत और पाकिस्तान के संबंधों और कश्मीर के साथ जुड़ गए। इस किस्म के नैरेटिव भारतीय मीडिया में हर विदेश यात्रा में बनते हैं।

दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में प्रधानमंत्री ब्रिक्स देशों के सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होने सर्वानुमति में ब्रिक्स के विस्तार का समर्थन किया। इससे ठीक पहले प्रधानमंत्री ने लाल किले से अपने 10वें भाषण में कहा था कि जिस तरह से दूसरे महायुद्ध के बाद एक नई विश्व व्यवस्था बनी थी उसी तरह कोरोना के बाद एक नया वर्ल्ड ऑर्डर बन रहा है, जिसमें भारत का स्थान प्रमुख है। ब्रिक्स सम्मेलन से पहले से ही प्रचार था कि ग्लोबल साउथ के देश भारत को अपना नेता मान रहे हैं। जोहान्सबर्ग में प्रधानमंत्री ने जो बातें कहीं वह उसी लाइन पर थी। उन्होंने भारत को विश्व का ग्रोथ इंजन बताया। ब्रिक्स के विस्तार पर सहमति जताई और नए सदस्य देशों को भारत का पुराना दोस्त बताया। इस तरह ब्रिक्स की कूटनीति का जो मैसेज बना वह यह था कि अमेरिका और यूरोप के संगठनों के बरक्स एक नया संगठन बन रहा है, जिसका नेतृत्व भारत कर रहा है।

**-हरिशंकर व्यास-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## साहसी जीवन में प्रयोग और प्रयोग धर्मिता से परिवर्तन,सफलता के पथ चिन्ह

परिवर्तन का क्रिया चक्र खुद इस बात का प्रमाण है कि परिवर्तन की खोज ही नवीनता है। परिवर्तन का सीधा-सीधा तात्पर्य जड़ता का नाश और विकास की अनंत गाथा का प्रादुर्भाव होना और स्थिरता का अंत ही है। चलायमान परिवर्तन की विदाई स्थिर और जंगम का का समापन होता है। आज की परिस्थितियों ने जड़ता और स्थिरता को बड़ी चोट दी है। मशीनों का शोर, हथियारों की होड़ के बीच कैलिफोर्निया क्रांति ने विश्व को सूचना प्रौद्योगिकी का बहुत बड़ा अवदान दिया है, इस परिवर्तन ने मानवीय समाज को को नया अवसर प्रदान किया है। इस परिवर्तन ने काम को सरल बनाया और व्यवस्था को पारदर्शिता के साथ समाज के सम्मुख रखा है। एक युगीन क्रांतिकारी कदम उठाया गया था। इतिहास में सबसे बड़ा तथा पहला परिवर्तन 1215 से मैग्नाकार्टा यानी कि नागरिक अधिकार पत्र की प्राप्ति हुई थी। यह वही समय था कि जब सदियों की जड़ता का प्रतिकार करते हुए मानव मस्तिष्क में नव विकास तथा नव प्रवर्तन का बीज बोया था। परिवर्तन की उस घड़ी में एक बड़े अवसर ने दस्तक दी थी। उसी अवसर का सदुपयोग करते हुए मानव को अधिकार प्रदान किया गया था, अब वह साधन नहीं साध्य बन गया है। अवसर में किए गए प्रयत्नों का परिणाम है कि आज हर सभ्य समाज को सभ्यता का प्रमाण उसी अधिकार पत्र की पारदर्शिता एवं उपलब्धता के कारण दिया जाता है। विश्व में बढ़ती जनसंख्या के कारण उत्पादन की न तो मात्रा संपूर्ण उपाय थी और ना ही गति के साथ साधन ही उपलब्ध हो पा रहे थे, ऐसे समय में युग में परिवर्तन की करवट ली और माननीय बौद्धिक क्षमता ने मशीनीकरण को जन्म दिया। मशीनीकरण के फल स्वरुप कार्य करने की गति, क्षमता और स्वरूप को बदला गया, मनुष्य ने अवसर के साथ परिवर्तन के चलते नए-नए कल पुर्जो का इजाद किया और प्रयत्नों का अंबार लगा कर संपूर्ण विश्व में औद्योगिक क्रांति का शंखनाद किया। और यही परिवर्तन आज विकास की धुरी है। इस बात से यह स्पष्ट होता है कि परिवर्तन नए-नए विकास तथा अविष्कार को जन्म देता है, और वह समाज के लिए सदैव बहु उपयोगी होते हैं। समाज में या देश में जब जब जनता ने गति रोकने का प्रयास किया तब तब माननीय साहस तथा मस्तिष्क ने उसे अपने प्रयासों से पराजित कर नई युक्ति को जन्म दिया। परिवर्तन वस्तुतः ना केवल जीवन की आवश्यक विशेषता और अपरिहार्य सच है बल्कि वह विकास के प्रत्येक स्वप्न का प्रथम चरण भी है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने जिस आय हैव ए ड्रीम की कल्पना की थी वह परिवर्तन में छिपे अवसर को पाने का ही एक सपना था। महात्मा गांधी जी ने जिस स्वराज की कल्पना की,वह भी अवसर की तलाश की तरफ अग्रसर एक महत्वपूर्ण प्रयास ही था। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ओबामा ने यस वी कैन में भी उसी परिवर्तन को साकार करने की लालसा थी। कुल मिलाकर बात यह है कि जब जब मनुष्य पुराने विचारों जड़ता स्थिरता का प्रतिकार करता है है तब-तब परिवर्तन ने समाज में नवप्रवर्तन आया है। प्रत्येक परिवर्तन अपने साथ अनेक अवसर लेकर आया और अवसर को जिसने प्राप्त कर अपने अनुकूल ढालने की सामर्थ्यता दिखाई वह विश्व विजेता कहलाया। मनुष्य का जीवन ही विजय गाथा का एक संवेदनशील गीत और गान है। परिवर्तन के साथ-साथ आए अवसर को पहचान कर जो समाज राष्ट्र आगे बढ़ा है वह निश्चित तौर पर एक प्रबुद्ध शक्तिशाली और महान राष्ट्र बन पाया है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**संजीव ठाकुर,**
रायपुर
छत्तीसगढ़

## प्रेम रस

तेरे ख्याल में बस खोया रहता हूँ ,
कभी कभी तो जगाने जरुर आना।
बैठा रहता हूँ हर पल तेरे इंतजार में,
मुझे एक बार जताने जरूर आना।
मन के चौखट में उदास बैठा हूँ,
दिल के बात सुनाने जरूर आना।
अब क्यों नहीं बीत रहे है ये रात,
मुझे एक बार बताने जरूर आना।
समझ नहीं आ रहा है क्या करूँ,
कम से कम समझाने जरुर आना।
लग रहा हूँ कमजोर न हो जाऊँ,
मुझे हिम्मत दिलाने जरुर आना।
तेरे हाथों की मेंहदी याद आती हैं,
मेरे हाथों में लगाने जरूर आना।
जिसमें मेरा नाम लिखा था उसे,
एक बार दिखाने जरूर आना।
लगता हैं अब मुलाकात मुश्किल है,
यार मिलने के बहाने जरूर आना।
अब थक चुका हूँ प्रेमपत्र लिख कर,
प्रेम रस के संदेश पहुंचाने जरुर आना।।



**डोमन निषाद डेविल**
डूंडा बेमेतरा
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## रेशम की डोरी



तुम अनुज मेरे प्यारे,
दिल तुम्हें देता लाखों दुआएं ,
बदले में रब से मांगता
तेरी संपूर्ण बलाएं,
तेरी कलाई पे हमनें
रेशम की डोरी में प्यार बांधा है,
दुआओं का संपूर्ण
संसार बांधा है।
टीका ,रोली,चंदन,
सब आशीष मेरे,
तु रहे सदा पास मेरे,
दौलत रहे न रहे,
रेशम की डोरी में,
मेरी दुआओं का तार बांधा है।
खुश रहे तु सदा,
स्वास्थ्य, सम्मान,सफलता,
दीर्घायु होने का
रेशम की डोरी में चमत्कार बांधा है।



**सविता राज**
मुजफ्फरपुर
बिहार

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## कि चोट लगी

वह चोट जिस दिन यह हिट हुआ
था उस दिन से अभी
भी अपरिवर्तित है
आज तक वह घाव ठीक नहीं हुआ
उस प्यारी चोट के लिए
शल्य चिकित्सा
ऐसा करने से क्या लाभ है?
होने जा रहा है कुछ नहीं ....
तथापि उस घाव के लिए
सर्जरी चल रही है
वजह है चोट बदलना नहीं
उस चोट से कुछ सीखने के लिए
बस उत्सुक सर्जरी चल रही है
इसके अलावा,यह खास है
कुछ नहीं...



**ओत्तेरी सेल्वा कुमार**
चेन्नई,
तमिलनाडु

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## मेरी बहना

बँधी वो प्रीत की डोरी,
कलाई याद आती है।
रसीले स्वाद हो जिसकी,
मिठाई याद आती है।।
कहूँ कैसे भला उसको,
कि कितनी प्रीत है उससे।
कभी भाई बहन की ये,
लड़ाई याद आती है।।
नहीं ख्वाहिश अगर पूरी,
जरा सी रूठ जाती थी।।
रखे वो ख्याल जब मेरी,
दवाई याद आती है।।
कभी मैं खेल में हारा,
चिढ़ाती औ सताती थी।
मगर हर जीत में मेरी,
बधाई याद आती है।।
बिना उसके यहाँ घर में,
नहीं पल भी रहा जाता।
चली क्यों दूर वह मुझसे,
जुदाई याद आती है।।



**प्रिया देवांगन प्रियू**
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# यूपी की राजनीति में आज भी है अमरमणि का दबदबा

## सभी दल अपने खेमे में चाहते हैं इस बाहुबली को

**अमरमणि की रिहाई को उनकी बीजेपी से करीबी के रूप में जोड़कर देखा जा रहा है। अमरमणि का गोरखपुर और आसपास के जिले में अच्छा दबदबा है। अमरमणि त्रिपाठी के बारे में यह समझ लेना जरूरी है कि उत्तर प्रदेश की राजनीति में हमेशा से बाहुबली नेताओं का दबदबा रहा है।**



करीब 20 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की पेपर मिल कॉलोनी में रहने वाली कवयित्री मधुमिता शुक्ला की हत्या के मामले मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी और उनकी पत्नी मधुमणि त्रिपाठी को जेल से रिहा करने के अदालती आदेश से अमरमणि त्रिपाठी के प्रशंसकों में उत्साह का माहौल है। अमरमणि की रिहाई की खबर आते ही राजनीति के गलियारों में भी हलचल बढ़ गई है। कुछ लोग अमरमणि की रिहाई को लोकसभा चुनाव से भी जोड़कर देख रहे हैं। कहा जा रहा है कि अपनी रिहाई के बाद अमरमणि बीजेपी को फायदा पहुंचा सकते हैं। वैसे भी अमरमणि के बीजेपी के कई बड़े नेताओं से अच्छे संबंध हैं। राजनीति के जानकार योगी सरकार में अमरमणि की रिहाई को उनकी बीजेपी से करीबी के रूप में जोड़कर देख रहे हैं। अमरमणि का गोरखपुर और आसपास के जिले में अच्छा दबदबा है। अमरमणि त्रिपाठी के बारे में यह समझ लेना जरूरी है कि उत्तर प्रदेश की राजनीति में हमेशा से बाहुबली नेताओं का दबदबा रहा है। अपने रसूख के दम पर ये %माननीय% चुनावी बयार का रुख अपनी तरफ मोड़ने में माहिर होते हैं। पूर्वांचल के ऐसे ही एक कद्दावर नेता हुआ करते थे अमरमणि त्रिपाठी। पूर्वांचल के %डॉन% कहे जाने वाले हरिशंकर तिवारी के राजनीतिक वारिस रहे अमरमणि का जलवा कुछ ऐसा था कि सरकार चाहे भाजपा की रही हो या सपा-बसपा की, वह हर कैबिनेट का जरूरी हिस्सा हुआ करते थे। लगातार 6 बार विधायक रहे अमरमणि त्रिपाठी उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने जेल में रहते हुए भी जीत हासिल की थी।

बहरहाल, अपने समय के हाई प्रोफाइल कवयित्री मधुमिता शुक्ला के हत्याकांड के मामले में आरोपियों को सजा तब मिल पाई थी जब सीबीआई ने अपनी जांच में अमरमणि और मधुमणि को दोषी करार देते हुए अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। पूर्व मंत्री अमरमणि की ताकत और दहशत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस हत्याकांड के गवाह एक-एक कर मुकर गए थे। कवयित्री मधुमिता शुक्ला के परिवार वालों को भी धमकाया जा रहा था, जिसके चलते बाद में इस हाईप्रोफाइल मामले को यूपी से बाहर उत्तराखंड में स्थानांतरित कर दिया गया था। जहां अमरमणि त्रिपाठी और उसकी पत्नी को उम्र कैद की सजा सुनाई गई थी। इसके पश्चात यह दंपत्ति यूपी और उत्तराखंड की जेल में रहे। लेकिन अब दोनों की आयु, जेल में बिताई गई सजा की अवधि और अच्छे जेल आचरण के दृष्टिगत बाकी बची हुई सजा को माफ कर दिया गया है। कवयित्री मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में दोषी करार दिए जाने के बाद उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी और उनकी पत्नी मधुमिता त्रिपाठी को शासन ने रिहा करने का आदेश जारी कर दिया जिसके बाद इन दोनों को रिहा कर दिया गया।

अदालत के आदेश कहा गया था कि यदि दोनों को किसी अन्य वाद में जेल में निरुद्ध रखना आवश्यक न हो तो जिला मजिस्ट्रेट गोरखपुर के विवेक के अनुसार दो जमानतें तथा उतनी ही धनराशि का एक मुचलका प्रस्तुत करने पर इन्हें कारागार से मुक्त कर दिया जाए। बता दें कि लखनऊ में निशातगंज स्थित पेपर मिल कॉलोनी में 9 मई 2003 को मशहूर कवयित्री मधुमिता शुक्ला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड के बाद मधुमिता और अमरमणि के प्रेम प्रसंग की जानकारी सामने आई। उस समय प्रदेश में बसपा की सरकार थी और अमरमणि बसपा सरकार के कद्दावर मंत्रियों में शुमार थे। बताया जाता है कि जेल जाने के बाद भी पूर्व मंत्री अमरमणि की हनक कम नहीं हुई थी। अब अमरमणि की रिहाई की खबर आते हैं कई दलों के नेताओं ने उनसे संपर्क साधने की कोशिश शुरू कर दी है। अमरमणि राजनीति की दूसरी पारी कहां से शुरू करेंगे कोई नहीं जानता, लेकिन उनके बीजेपी के करीब जाने की चर्चा ज्यादा है।

**-अजय कुमार-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# अब मानसिक बीमारियों की चुनौती

**वैश्विक स्तर पर बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के खतरे को कम करने के बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि इसे सिर्फ मनोचिकित्सा या इसके आस-पास तक ही सीमित करके नहीं देखा जाना चाहिए। इस दिशा में अब जरूरत है कि जन-जन का प्रयास शामिल हो, जिससे हम स्वस्थ भारत का सपना साकार कर सकें।**

मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को इस दशक के लिए बड़ी चुनौती के तौर पर देखा जा रहा है। विशेषकर कोरोना महामारी के बाद यह और व्यापक होती नजर आ रही है। वैश्विक स्तर पर साल 2020 के बाद से मनोरोगियों का आंकड़ा काफी तेजी से बढ़ा है। कुछ अध्ययन बताते हैं कि कई विकसित और विकासशील देशों में हर चार में से एक व्यक्ति किसी न किसी प्रकार के मनोरोग का शिकार है। चिंता-तनाव और अवसाद के केस तेजी से बढ़ रहे हैं, इस खतरे को देखते हुए विशेषज्ञों को चिंता है कि आने वाले 5-8 वर्षों में मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सा क्षेत्र पर बड़ा दबाव आ सकता है। वैश्विक स्तर पर बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में लोगों को जागरूक करने और इस खतरे को कम करने के लिए हर साल विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इसे सिर्फ मनोचिकित्सा या इसके आस-पास तक ही सीमित करके नहीं देखा जाना चाहिए। इस दिशा में अब जरूरत है कि जन-जन का प्रयास शामिल हो, जिससे हम स्वस्थ भारत की कल्पना को चरितार्थ कर सकें।

किसी भी देश के समग्र विकास के लिए लोगों के क्वालिटी ऑफ लाइफ यानी कि गुणवत्तापूर्ण जीवन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसका सीधा संबंध उत्पादकता से है, जो आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण आयाम है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि स्कूली स्तर से ही बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किए जाने की आवश्यकता है। इसे पाठ्यक्रम का विषय बनाया जाना चाहिए, जिससे बच्चों में इसकी समझ को विकसित किया जा सके। स्कूली पाठ्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य को शामिल कर अगली पीढ़ी को इसके वैज्ञानिक पहलुओं के बारे में जागरूक करने में मदद मिल सकती है, जिससे इस दिशा में चले आ रहे कलंक के भाव को कम किया जा सके। इससे लोगों के लिए इस बारे में बात करना, इलाज प्राप्त करना सहज हो सकेगा, जिससे उत्पादकता को बढ़ाने में भी मदद मिल सकेगी।

मानसिक स्वास्थ्य को लेकर फिलहाल भारत में किए जा रहे प्रयासों के स्तर में विशेष सुधार की आवश्यकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, भारत की जनसंख्या जिस रफ्तार से बढ़ रही है, उसी रफ्तार में भारत में मानसिक बीमारी से जूझने वालों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। आंकड़ों के मुताबिक, भारत में रह रहे हर 10,000 में से 2,443 लोग मानसिक समस्या से किसी न किसी तरह से ग्रसित हैं। वहीं इंडियन जर्नल ऑफ साइकियाट्री की ओर से किए गए सर्वे से पता चला है कि देश में औसतन 4 लाख नागरिकों पर 3 ही मनोचिकित्सक हैं, जबकि कम से कम हर 4 लाख की आबादी पर 12 मनोचिकित्सक होने चाहिए। ऐसे में कहा जा सकता है कि भारत में मनोचिकित्सकों की भारी कमी है। आत्महत्या की बड़ी वजहों में से एक खराब मानसिक स्वास्थ्य भी है। भारत में होने वाली आत्महत्याओं के कारणों में मानसिक समस्या तीसरे नंबर है। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2021 में 13,792 लोगों ने मानसिक बीमारियों से जूझते हुए आत्महत्या की थी।



वहीं 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में लगभग 22 लाख 28 हजार मनोरोगी हैं, जबकि लैंसेट की रिपोर्ट कहती है कि भारत में मनोरोगियों की संख्या 16 करोड़ 92 लाख है। एक अन्य अनुमान के अनुसार, भारत की 135 करोड़ की आबादी में 7.5 प्रतिशत (10 करोड़ से अधिक) मानसिक रोगों से प्रभावित हैं। अध्ययन बताते हैं कि 2025 तक भारत की 20 प्रतिशत से भी ज्यादा आबादी किसी न किसी मानसिक रोग से ग्रस्त होगी। 15-29 आयु वर्ग में आत्महत्या की दर भी सर्वाधिक होगी। लगभग एक मिलियन लोग हर साल आत्महत्या करते हैं। इस तरह की बीमारियों की बढ़ती संख्या में अवसाद को तीसरा स्थान दिया गया है, जिसके 2030 तक पहले स्थान पर पहुंचने की उम्मीद है। जहां तक मनोचिकित्सकों का सवाल है तो भारत में एक लाख की आबादी पर 0.3 प्रतिशत मनोचिकित्सक, 0.07 प्रतिशत मनोवैज्ञानिक और 0.07 प्रतिशत सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वहीं विकसित देशों में एक लाख की आबादी पर 6.6 प्रतिशत मनोचिकित्सक हैं। मेंटल हॉस्पिटल की बात करें तो विकसित देशों में एक लाख की आबादी में औसतन 0.04 प्रतिशत हॉस्पिटल हैं, जबकि भारत में यह 0.004 प्रतिशत ही हैं।

भारत अन्य देशों की तुलना में मानसिक स्वास्थ्य की दिशा में किए जा रहे प्रयासों में अभी पीछे है। दुनिया के ज्यादातर देश अपने सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 5-18 प्रतिशत मानसिक स्वास्थ्य पर खर्च करते हैं, जबकि भारत का इस दिशा में खर्च 0.05 फीसदी ही है। इसके अलावा भारत में मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की कमी भी बड़ी चुनौती है। ग्रामीण क्षेत्रों में उचित मानसिक स्वास्थ्य सुविधाओं का भारी अभाव है। जिला स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम तो तैयार किए गए हैं, लेकिन वहां की स्थिति ठीक नहीं है। आलम यह है कि तमाम राज्यों में ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों को मनोचिकित्सा के लिए राज्य की राजधानी या दिल्ली का रुख करना पड़ रहा है। मनोचिकित्सकों का कहना है कि कोरोना महामारी के बाद से देश में मानसिक स्वास्थ्य विकारों के केस में 15-20 फीसदी की बढ़ोतरी आई है। हालांकि सुविधाओं में इस स्तर पर कोई खास सुधार नहीं हुआ है। टेली कंसल्टेंसी जैसी तकनीक ने लोगों के लिए दूर बैठकर भी परामर्श लेना आसान जरूर बनाया है पर अब भी ग्रामीण क्षेत्रों में अशिक्षा और जागरुकता की कमी के चलते ये सेवाएं शहरी आबादी के इर्द-गिर्द ही घूमती ही नजर आ रही हैं।

मानसिक स्वास्थ्य की दिशा में आगे का रास्ता संभवत- यह हो सकता है कि लोगों को इस बारे में जागरूक किया जाए कि मानसिक स्वास्थ्य किसी भी अन्य शारीरिक स्वास्थ्य समस्याओं की तरह ही है, इसलिए यह प्राथमिक स्वास्थ्य प्रणाली का एक अभिन्न अंग होना चाहिए। यही कारण है कि मानसिक स्वास्थ्य को मनोचिकित्सा तक ही सीमित करके देखना बेमानी होगा। मानसिक स्वास्थ्य मौजूदा समय की प्राथमिकता भी है और इससे संबंधित विकार बड़ी चुनौती भी। इन दोनों पर बेहतर तरीके से ध्यान देने के लिए आवश्यक है कि इसमें जन-जन की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। सोशल मीडिया, एनजीओ, जागरुकता अभियानों आदि के माध्यम से लोगों को मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकताओं के बारे में जागरूक किए जाने की जरूरत है, जिससे लोगों के लिए सहजता से इसका इलाज प्राप्त कर पाना आसान हो, लोग एक-दूसरे से अन्य बीमारियों की तरह इस बारे में भी खुलकर बात कर पाएं। स्वस्थ समाज-स्वस्थ भारत का निर्माण तभी किया जा सकेगा, जब देश का बच्चा-बच्चा मानसिक रूप से स्वस्थ होगा। इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**अमित बैजनाथ गर्ग**
जयपुर,
राजस्थान

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# सूरजपुर पुलिस का सजग सूरजपुर अभियान...जिले के थाना-चौकी क्षेत्र में निरंतर जारी है कबड्डी प्रतियोगिता

» सजग सूरजपुर का अभियान असरदार, गांव-गांव में है इसकी चर्चा-खेलसाय सिंह






सूरजपुर,28 अगस्त 2023 (घटती-घटना)। पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण एलिसेला के निर्देश पर सजग सूरजपुर अभियान के तहत सभी थाना-चौकी में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिससे पूरा जिला खेलमय हो गया है। नशा मुक्ति, जुआ-सट्टा, गांजा-नशीली दवाएं सहित अन्य अवैध गतिविधियों एवं साइबर अपराध से बचाव हेतु जागरूकता फैलाने के लिए सजग सूरजपुर अभियान के तहत पुलिस के द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है जिसका आनंद खिलाड़ियों और ग्रामवासियों द्वारा लिया जा रहा है यह अभियान पुलिस और आमजनता के बीच संबंधों को और मजबूती प्रदान करेगा।

रामानुजनगर में चल रहे कबड्डी प्रतियोगिता में सरगुजा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष व प्रेमनगर विधायक श्री खेलसाय सिंह भी पहुंचे और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। विधायक श्री सिंह ने कहा कि जिले की पुलिस का यह अभियान काफी असरदार है और गांव-गांव में सजग सूरजपुर की चर्चा है, युवाओं को सामाजिक बुराईयों से दूर रहने तथा कोई भी व्यक्ति जो इन बुराईयों को कर रहा उसकी सूचना पुलिस को देने तथा पुलिस के इस अभियान को सफल बनाने में सभी को सहयोग करने की बात कही।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में बीते दिन थाना प्रेमनगर पुलिस के द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के 24 गांव पुरूष टीम व 8 गांव के महिला टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें पुरूष वर्ग से विजेता ग्राम प्रेमनगर, उपविजेता ग्राम कोटेया तथा महिला वर्ग में विजेता ग्राम नवापाराकला, उपविजेता ग्राम कोटेया रही। इसी प्रकार थाना चंदौरा के 12 गांव के टीम ने भाग लिया जिसमें विजेता ग्राम दवनकरा-ए, उपविजेता दवनकरा-बी की टीम रही। थाना रामानुजनगर के 23 गांव की पुरूष वर्ग व 8 गांव महिला वर्ग की टीम ने कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन किया जिसमें पुरूष वर्ग से विजेता ग्राम जगरनाथपुर, उपविजेता ग्राम गोविन्दपुर, महिला वर्ग से विजेता ग्राम देवनगर, उपविजेता ग्राम परशुरामपुर रही। चौकी बसदेई क्षेत्र के 8 गांव की टीम मैदान में उतरी जिसमें विजेता ग्राम बसदेई, उपविजेता ग्राम उंचडीह रही। प्रतियोगिता में विजेता, उपविजेता व सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, उर्दु बोर्ड अध्यक्ष इस्माईल खान, थाना प्रभारी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह, थाना प्रभारी चंदौरा निलिमा तिर्की, थाना प्रभारी रामानुजनगर प्रकाश राठौर, चौकी प्रभारी बसदेई लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# रंगबिरंगी राखियों से सजी दुकानें, जमकर खरीदारी की उम्मीद



- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

रक्षाबंधन को लेकर अंबिकापुर का बाजार सजकर तैयार है। रंगबिरंगी राखियों की दुकान जगह-जगह लग चुकी है। इसके अलावा कपड़ा, मिठाई की दुकानें भी पूरी तरह सज चुकी है। सोमवार से ही ग्राहकों के दुकान में आने का सिलसिला शुरू हो गया है। बहनें अपने भाई के लिए आकर्षक राखियां खरीद रहीं हैं। वहीं भाई अपनी बहन के लिए रक्षाबंधन का गिफ्ट खरीदने में लगे हैं। भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन को लेकर बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। त्योहार का मात्र एक दिन ही शेष रह गया है। रक्षाबंधन का पर्व 30 अगस्त को मनाया जाएगा। हालांकि बाजार में कई दिन पहले से राखी की दुकानें सज गई हैं, लेकिन त्योहार नजदीक आते ही दुकानों की सजावट देखते ही बन रही है। सोमवार को दिन भर बाजार में भीड़ रही। शाम को रौनक और बढ़ गई। जो देर शाम तक राखियों के खरीदारी का सिलसिला चलता रहा। कोई सादे धागे वाली राखी पसंद कर रहा था तो कोई कुंदन, नग व रेशमी धागे से तैयार राखी पसंद करता रहा। सादे धागे वाली राखियां भी खूब मांग है। बाजार में 10 रुपये लेकर 200 रुपये तक की राखियां उपलब्ध हैं। हालांकि नग वाली, अलग-अलग रंगों वाली, जर्कन वाली, रेशमी धागों की राखियों की भी काफी खरीदारी हुई। संगीतमय राखी का क्रेज बच्चों के लिए भी बाजार में तरह-तरह की राखियां हैं। इसमें म्यूजिकल समेत मिक्की माउस, छोटा भीम का क्रेज अधिक रहा। साथ ही चांदी की राखियों की भी मांग दिखी। आनलाइन हो चुकी मार्केटिंग के दौर में राखी की भी खरीदारी इसी तरह की जा रही है। दूर-दराज में रहने वाली युवतियां व महिलाएं अपने भाइयों के लिए आनलाइन राखी और साथ में गिफ्ट खरीदकर भेज रही हैं।

# हवन-पूजन के बाद पॉलिटेक्निक कॉलेज में किया गया पौधरोपण



- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला सरगुजा एवं भारत स्वाभिमान न्यास संबद्ध पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान में पॉलिटेक्निक कालेज ग्राउंड में महापौर अजय तिर्की, कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त गुरप्रीत सिंह बाबरा, पॉलिटेक्निक कालेज प्राचार्य आरजे पाण्डेय की उपस्थिति में हवन पूजन कर पौधारोपण किया गया। तत्पश्चात शहर की स्वच्छता बहनों का उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अजय तिर्की द्वारा कहा गया कि आपके संस्था द्वारा स्वच्छता बहनों सम्मान करना बहुत अच्छा है समय-समय पर बहनों का सम्मान होना चाहिए, इनके कारण ही हम पूरे भारत में प्रथम है। गुरप्रीत बाबरा ने कहा आप द्वारा यह अनोखा कार्य है बहुत गर्व का विषय है कि आप लोग ऐसा कार्य कर रहे हैं। आरजे पाण्डेय द्वारा कहा गया कि स्वच्छता बहनों का सम्मान करना बहुत बढिया कार्य है। इस स्थान को गार्डन के रूप परिवर्तित किया जा रहा है और इसे सुंदर स्वरूप प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन संस्था के अध्यक्ष कमलेश योगी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में बालकेश्वर गुप्ता, हरिहर पांडेय, भगत साहब, संतोष शर्मा, भारतेन्दु वर्मा, अजीत सिंह, हरिशंकर सिंह, नवीन केशरी, शीतल बहादुर, जामून लाल श्रीवास्तव, अवंतिका गजोरिया, ललीता श्रीवास्तव, ईन्दजीत देवांगन, रवि भूषण गुप्ता आशुतोष दुबे, एस रामटेक, राजेश्वर सिंह, डा. दिनेश सिंह, मनोज सिंह, दीपक गर्ग, रवि पांडेय, रामाशंकर सिंह, जगदीश प्रसाद, सतीश अग्रवाल, मनीष मेहता, विजय गजोरिया आदि उपस्थित थे।

# 23 लीटर महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

आबकारी विभाग के संभागीय उडनदस्ता टीम ने दो मामलों में 23 लीटर महुआ शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों बारोपी बिक्री करने के लिए शराब रखे थे। दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर टीम ने जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ आबकारी आयुक्त ने चुनाव के मद्देनजर रेखते हुए अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत सोमवार को सहायक आयुक्त आबकारी प्रमोद नेताम के मार्गदर्शन में मुखबिकर की सूचना पर कोतवाली क्षेत्र के श्रीगढ़ महादेव गली निवासी जितेन्द्र यादव के कब्जे से 15 लीटर व नावागढ़ निवासी सुनीता सारथी के कब्जे से 8 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। टीम ने दोनों आरोपियों के खिलाफ

छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क 34(2 ) एवं 59 (क) के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। उक्त कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता, आबकारी उपनिरीक्षक टीआर केहरि द्वारा की गई। इस दौरान मुख्य आरक्षक कुमारु राम , रमेश दुबे एवं आरक्षक अशोक सोनी, रामाधार कुशवाहा एवं नगर सैनिक गणेश पाण्डेय महिला सैनिक ममता विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

# 3 को मनायी जायेगी कुश जयंती

- संवाददाता -
सूरजपुर,28 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

कुशवाहा युवा एकता कल्याण मंच सरगुजा संभाग द्वारा 3 सितम्बर रविवार को सूरजपुर स्थित मंगल भवन में कुश जयंती समारोह का आयोजन किया जायेगा। ज्ञात हो कि समाज द्वारा प्रतिवर्ष भगवान कुश जयंती समारोह का आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में इस वर्ष भी 3 सितम्बर को भगवान कुश की जयंती मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम की शुरूआत में सुबह 10 से 11.30 बजे तक पूजन किया जायेगा, तत्पश्चात 11.30 से 1 बजे तक परिचय एवं स्वागत कार्यक्रम होगा। इसके बाद दोपहर 1 बजे से 3.30 बजे तक विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे रंगोली, मेहंदी, खो-खो, चित्रकला, कुर्सी दौड़ (बच्चों एवं महिलाओं के लिये) कराया जायेगा। कार्यक्रम के अगले चरण में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखाने वाले समाज के लोगों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। कुशवाहा युवा एकता कल्याण मंच द्वारा इस अवसर पर अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

## अज्ञात पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

शहर के एमजी रोड स्थित सेंट्रल स्कूल के पास अज्ञात पिकअप ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर संजीवनी 108 द्वारा उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले लाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

## दूधमुंहे बच्चे के साथ सोई महिला हुई सर्पदंश के शिकार,मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

दूधमुहे बच्चे व पति के साथ जमीन में सोई महिला को सांप ने डंस लिया। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुगन्ती मिंज पति सुनील उम्र 19 वर्ष दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ादमाली की रहने वाली थी। वह 25 की रात को दूधमुहे बच्चे व पति के साथ जमीन में बिस्तर लगाकर सोई थी। देर रात को उसके पैर में कुछ काटने का एहसास हुआ। वह उठकर पति को बताई। उसका पति लाइट जलाकर देखा तो पास में डंडा करैत सांप था। परिजन उसे तत्काल इलाज के लिए दरिमा अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गनीमत रहीं की सर्पदंश के बाद दूधमुंहा बच्चा मां का दूध नहीं पिया था।

# सूरजपुर जिले के शिक्षको ने प्रस्तुत की अनोखी मिसाल




» दिवंगत शिक्षक साथी के परिवार को दी एक लाख रुपये की संवेदना राशि


छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक
CHHATTISGARH RAJYA GRAMIN BANK
(Sponsored by State Bank of India)
शाखा: Branch: सूरजपुर कलेक्टेट (06109) SURAJPUR COLLECTORATE
IFSC CODE : SBIN0RRCHGB
CRGB/I
S/B 26082023
PAY BAIYA URRE OR BEARER
RUPEES रुपये = एक लाख रूपये मात्र =
₹ 100000=00
A/c No. 77077999158
CHHATTISGARH PRADESH JOINT TEACHER ASSOCIATION
"097352" 000521000" 10

- संवाददाता -
सूरजपुर,28 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

विकासखण्ड में कार्यरत सहायक शिक्षक एल बी स्व.जागर सिंह पुहुप की पत्नी को उनके घर जाकर एक लाख रुपये की राशि प्रदान करते हुवे संवेदना व्यक्त किया।

सूरजपुर जिले के शिक्षकों द्वारा चलाये जा रहे संयुक्त संवेदना अभियान की तारीफ हर जगह हो रही है।शिक्षकों ने एक दूसरे के सहयोग से जिले में संयुक्त संवेदना समिति का निर्माण कर अपने दिवंगत शिक्षक साथियों के परिवार को दशगात्र के दिन एक लाख रुपये की राशि के रुप संवेदना प्रकट करने का संकल्प लिया था। संवेदना समिति के सचिव राधे साहू व कोषाध्यक्ष भुवनेश्वर सिंह ने बताया कि समिति के संचालक सचिन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में इसकी शुरुवात वर्ष 2021 में कुछ सदस्यों के साथ कि गई थी जो धीरे धीरे अपने नेक इरादों और पारदर्शी व्यवस्था के कारण बढ़ती जा रही है। वर्तमान में समिति के कुल 1267 पंजीकृत सदस्य है ,जो वार्षिक संवेदना सदस्यता 500 रुपये प्रदान कर इस योजना को फलीभूत कर रहे है। समिति संवेदना राशि प्रदान करने के साथ साथ दिवंगत शिक्षक के नामिनी को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने व लम्बित सत्वों के भुगतान में भी सहायता प्रदान करती है। अब तक जिले के 09 दिवंगत शिक्षकों के परिवार को कुल 09 लाख रुपये की संवेदना सहायता प्रदान की गई है।

# भूकम्प से हिला धरती

**22 मिनट के अंदर दो बार आए तेज भूकंप के झटके,मची अफरा-तफरी**

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

. सरगुजा व सूरजपुर जिले में सोमवार की




रात दो बार तेज आवाज के साथ भूकंप के झटके महसूस किए गए। पहला झटका 8.4 बजे व दूसरा झटका 8.26 बजे महसूस किया गया। 22 मिनट के अंदर दो बाहर भूकंप के झटके महसूस किए जाने से अफरा-तफरी मच गई। अचानक लोगों के घरों में मौजूद सामान हिलने लगे। लोग डर से घरों के बाहर निकल गए। मौसम विज्ञानी व भूगोल शास्त्री के अनुसार भूकंप का केन्द्र कल्याणपुर के आस-पास बताया जा रहा है । वहीं 8.4 बजे आए भूकंप का रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4.9 आंकी गई। जबकि इसका अवधी 2 से 3 सेकेंड रहा। वहीं दूसरी बार 22 मिनट बाद आए भूकंप का रिक्टर 4.1 आंकी गई है। जबकि इसका अवधी 1 से 2 सेकंड ही रहा। वहीं भूकंप की गहराई भूसतह से 10 किमी बताई जा रही है। वहीं सरगुजा संभाग के अलग-अलग क्षेत्रों में अब तक 6-7 बार भूकंप के झटके आ चुके हैं।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर मतदाताओं को किया गया जागरूक






- संवाददाता -
अम्बिकापुर,28 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से मतदान के प्रति जागरुकता फैलाने हेतु अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी ने बताया है कि स्वीप के मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत सोमवार को होलीक्रॉस कॉलेज ऑफ नर्सिंग कॉलेज में मानव श्रृंखला बनाया गया तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कर सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरुक किया गया। साथ ही शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय अम्बिकापुर में मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को मतदान का संदेश दिया। भारत स्काउट्स गाइड्स अध्यक्ष के मार्गदर्शन में गर्ल्स स्कूल अम्बिकापुर की सीनियर गाईड्स, रेड क्रॉस एवं एन.एस.एस.के द्वारा स्वीप सरगुजा के अन्तर्गत मतदाता जागरुकता रैली निकाला गया। मतदान के प्रति जानकारी देते हुए ऐसे छात्र-छात्राएं जिनकी उम्र 01 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष पूर्ण होने वाली है, अथवा हो चुकी है, और उनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है, उनका वोटर हेल्प लाईन एप के माध्यम से फार्म 06 भरवाया गया। इसके साथ ही शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु विकास खण्ड सीतापुर के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेटला में स्वीप गतिविधि करते हुए मतदाता जागरुकता के लिए छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण कर शत्-प्रतिशत मतदान करने हेतु लोगों को प्रेरित किया गया।

समाचार क्रमांक 112/2023 --00--

# पुलिस ने दंगे भड़काने की साजिश रचने के आरोप में तीन संदिग्धों को किया गिरफ्तार,IGP ने किया यह दावा

**लाहौर,28 अगस्त 2023 ।** पाकिस्तान के पंजाब पुलिस प्रमुख ने सोमवार को कहा कि देश में ÷मुस्लिम-ईसाई दंगे÷ भड़काने की साजिश रचने के आरोप में तीन मुख्य संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। लाहौर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पंजाब के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) उस्मान अनवर ने कहा कि पुलिस ने जरांवाला में चर्चों और ईसाइयों के घरों को जलाने के आरोप में 300 संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

16 अगस्त को पंजाब की प्रांतीय राजधानी लाहौर से 130 किलोमीटर दूर फैसलाबाद जिले के जरांवाला शहर में एक ईसाई व्यक्ति के खिलाफ ईशनिंदा के आरोपों को लेकर गुस्साई भीड़ ने कई चर्चों और ईसाई इलाकों पर हमला कर दिया। उन्होंने एक ईसाई कब्रिस्तान पर भी हमला किया था और स्थानीय सहायक आयुक्त के कार्यालय में तोड़फोड़ की थी।

### आईजीपी अनवर ने किया यह दावा

अनवर ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा, दुश्मन देश की खुफिया एजेंसी देश में मुस्लिम-ईसाई दंगे कराने की साजिश में लगी हुई है। जरांवाला घटना में शत्रु देश की खुफिया एजेंसी शामिल है। हमने एक नेटवर्क को तोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए 300 लोगों में से 180 पर औपचारिक रूप से आतंकवाद के मामलों के तहत आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा, मुस्लिम-ईसाई दंगे कराने की साजिश के तीन प्रमुख संदिग्धों को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने दावा किया कि साजिश के पीछे के नेटवर्क का पर्दाफाश हो गया है और



भविष्य में ऐसी कोई घटना नहीं होगी।

इससे पहले पाकिस्तान मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) के फैक्ट-फाइंडिंग मिशन ने घोषणा की थी कि इस महीने की शुरुआत में पंजाब प्रांत में ईसाई पूजा स्थलों, उनके आवासों और कब्रिस्तानों पर भीड़ का हमला स्थानीय ईसाइयों के खिलाफ बड़े नफरत अभियान का हिस्सा था। साथ ही एचआरसीपी ने घटना में कट्टरपंथी इस्लामवादियों की खुली संलिप्तता और पुलिस की मिलीभगत पर सवाल उठाया था।

एचआरसीपी ने कहा था, अल्पसंख्यक समुदाय पर हमले को पूरी तरह से आकस्मिक या सहज नहीं माना जा सकता है। आयोग ने संदेह जताया था कि यह स्थानीय ईसाइयों के खिलाफ एक बड़े नफरत अभियान के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था। साथ ही पुलिस की भूमिका और स्थिति को प्रभावी ढंग से कम करने और नियंत्रित करने की उसकी क्षमता पर भी सवाल उठाया गया था।

एचआरसीपी के बयान में कहा गया था कि एक ईसाई व्यक्ति के खिलाफ ईशनिंदा के आरोप में स्थानीय ईसाई समुदाय के खिलाफ क्रूर भीड़ के नेतृत्व वाले हमलों की एक श्रृंखला में कम से कम 24 चर्चों और कई दर्जन छोटे चर्चों के साथ-साथ कई घरों में आग लगा दी गई और लूटपाट की गई। पंजाब पुलिस के मुताबिक, भीड़ ने 20 चर्च और 86 ईसाइयों के घर जलाए थे।

एचआरसीपी ने व्यक्तियों या किसी धार्मिक अल्पसंख्यक के खिलाफ उनके दुरुपयोग को रोकने के लिए देश के ईशनिंदा कानूनों की समीक्षा करने की भी सिफारिश की है। बयान में कहा गया है, संगठित चरमपंथी समूहों (जैसे टीएलपी) से निपटने के लिए नीतियों और रणनीतियों को विकसित करने की आवश्यकता है ताकि कोई भी व्यक्ति या समूह देश के अधिकार को कमजोर न कर सके।

पंजाब सरकार ने 94 ईसाई परिवारों को उनके घरों और जीवन के पुनर्निर्माण में मदद के लिए प्रत्येक को 20 लाख रुपये की मुआवजा राशि देने की घोषणा की है, जबकि ईसाई नेताओं का कहना है कि हिंसा में कम से कम 200 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं और सभी को मुआवजा दिया जाना चाहिए।



# यूक्रेन को हथियार दे रहा पाकिस्तान! रिपोर्ट पर रूसी राजदूत बोले- यह हमारे खिलाफ,नजरअंदाज नहीं करेंगे

**नई दिल्ली,28 अगस्त 2023 ।** भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलिपोव पाकिस्तान द्वारा यूक्रेन को हथियार भेजने के रिपोर्ट पर सहमति जताई है। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि कुछ रिपोर्ट और जानकारी के अनुसार ये सच है और ऐसे मामलों को हम गंभीरता से लेते हैं।

उन्होंने कहा, पाकिस्तान यूक्रेन को हथियार भेजता है, कुछ रिपोर्ट और जानकारी के अनुसार यह बात सच है। ऐसे मामलों को हम गंभीरता से लेते हैं। यदि ऐसे रिपोर्ट की पुष्टि होती है तो यह स्पष्ट रूप से रूस विरोधी कार्रवाई है और इसे बिलकुल भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने कहा, %हम ऐसे रिपोर्ट और खबरों को बहुत गंभीरता से लेते हैं क्योंकि ये ये जमीनी स्थिति को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं।% अलिपोव ने आगे कहा कि हम यह भी देख रहे हैं कि यह स्थिति संघर्ष के शांतिपूर्ण और तेजी से खत्म होने में बाधक न बनें।

# पाकिस्तान की विशेष अदालत ने कुरैशी की हिरासत दो दिन बढ़ाई,19 अगस्त को FIA ने किया था गिरफ्तार

**इस्लामाबाद,28 अगस्त 2023 ।** पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने गोपनीय राजनयिक केबल लीक होने के मामले में पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी की हिरासत सोमवार को दो दिन के लिए बढ़ा दी। इमरान खान के नेतृत्व वाली पिछली सरकार ने आरोप लगाया था कि राजनीतिक उद्देश्यों के लिए कथित तौर पर इसका गलत इस्तेमाल किया गया था।

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री खान के करीबी सहयोगी कुरैशी को 19 अगस्त को सरकारी गोपनीयता कानून के तहत गिरफ्तार किया गया था। उन पर विदेश मंत्री रहने के दौरान अमेरिका में पाकिस्तानी दूतावास द्वारा विदेश कार्यालय को भेजे गए आधिकारिक केबल की गोपनीयता का उल्लंघन का आरोप है।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के उपाध्यक्ष कुरैशी को बाद में संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) की विशेष अदालत ने 25 अगस्त तक चार दिन के लिए हिरासत में भेज दिया था। शुक्रवार को अदालत ने उसकी



रिमांड तीन दिन के लिए बढ़ा दी। एफआईए ने सोमवार को उनको विशेष अदालत के समक्ष पेश किया और उनकी हिरासत अवधि पांच दिन बढ़ाने की मांग की।

जिओ न्यूज ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि विशेष अभियोजक जुल्फिकार नकवी ने अदालत से अनुरोध किया कि उन्हें उनका मोबाइल फोन बरामद करना होगा। हालांकि, कुरैशी के वकील बाबर अवान ने इसका विरोध किया और अपने बचाव में उच्च न्यायपालिका के कई फैसलों का हवाला दिया।

सुनवाई के दौरान अवान ने दलील दी कि उनके मुवक्किल का साइफर मामले (राजनयिक केबल) से कोई लेना-देना नहीं है और उन्होंने अदालत में संविधान के अनुच्छेद 90 और 91 पढ़े। अवान ने कहा कि कुरैशी पिछले नौ दिनों से रिमांड में हैं। यह पर्याप्त है। मोबाइल फोन बरामद करने के लिए हिरासत बढ़ाने की अभियोजक की मांग पर अवान ने न्यायाधीश से कहा कि कुरैशी का मोबाइल एफआईए के पास है और आगे रिमांड की कोई जरूरत नहीं है।

इसके बाद आतंकवाद रोधी अदालत के न्यायाधीश अबुल हसनत जुल्करनैन, जिन्हें विशेष अदालत का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, ने फैसला सुरक्षित रख लिया जिसकी घोषणा बाद में की गई। खान लंबे समय से गायब केबल का जिक्र पिछले साल अप्रैल में उन्हें प्रधानमंत्री पद से हटाने की विदेशी साजिश के सबूत के तौर पर करते रहे हैं। पिछले हफ्ते एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, साइफर मामले में खान और कुरैशी के खिलाफ सरकारी गोपनीयता अधिनियम के तहत मुकदमा एक पखवाड़े के भीतर शुरू होने की उम्मीद है।

# अमेरिका के बाद अब ब्रिटेन में विमान सेवाएं ठप्प,नेटवर्क में गड़बड़ी से हो रही परेशानी

**लंदन,28 अगस्त 2023 ।** पूरे ब्रिटेन में हवाई यातायात नियंत्रकों को तकनीकी खराबी का सामना करना पड़ रहा है। एक एयरलाइंस ने पूरे नेटवर्क की विफलता की सूचना दी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यूके के बाहर की एयरलाइनों के यात्रियों को बताया गया है कि हवाई यातायात नियंत्रण नेटवर्क बंद है और उनकी उड़ान में देरी होगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन की राष्ट्रीय हवाई यातायात सेवा (एनएटीएस) को सोमवार को विमान के प्रवाह को प्रतिबंधित करने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि वह एक तकनीकी समस्या का समाधान करने के लिए काम कर रही है।

राष्ट्रीय हवाई यातायात नियंत्रक एनएटीएस (ह्वञ्जस्) ने कहा, हम वर्तमान में एक तकनीकी समस्या का सामना कर रहे हैं और सुरक्षा बनाए रखने के लिए ट्रैफिक फ्लो प्रतिबंध लागू किया है। इंजीनियर खराबी ढूंढने और उसे ठीक करने का काम कर रहे हैं। इस कारण होने वाली किसी भी असुविधा के लिए हमें खेद है।

लोगानेयर ने एक्स पर पोस्ट किया, आज सुबह ब्रिटेन के हवाई यातायात नियंत्रण कंप्यूटर सिस्टम में नेटवर्क-व्यापी गड़बड़ी हुई। हालांकि हमें उम्मीद है कि हम स्थानीय समन्वय के आधार पर और न्यूनतम व्यवधान के साथ



अधिकांश इंट्रा-स्कॉटलैंड उड़ानें संचालित करने में सक्षम होंगे, लेकिन उत्तर-दक्षिण और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में देरी हो सकती है। यदि आप आज हमारे साथ उड़ान भर रहे हैं, तो कृपया हवाईअड्डे के लिए रवाना होने से पहले अपनी उड़ान के बारे में नवीनतम जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें।

ईजीजेट के यात्रियों को बताया गया कि यह समस्या वर्तमान में ब्रिटेन के अंदर या बाहर उड़ान भरने वाली सभी उड़ानों को प्रभावित कर रही है। कंपनी ने कहा, हमें हवाई यातायात नियंत्रण समस्या के बारे में सूचित किया गया है जो वर्तमान में यूनाइटेड किंगडम के हवाई क्षेत्र में उड़ान भरने वाली या उससे बाहर जाने वाली सभी उड़ानों को प्रभावित कर रही है। हम इस समस्या के प्रभाव और सामान्य परिचालन फिर से शुरू करने के समय-सीमा को समझने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ काम कर रहे हैं। यदि आप पहले से ही हमारे किसी स्थान पर उड़ान भरने की प्रतीक्षा कर रहे हैं तो हमारा दल आपको इस बारे में अपडेट जानकारी देगा। यदि आप हमारे हवाईअड्डों में से किसी एक में बोर्डिंग के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं तो कृपया टर्मिनलों में उड़ान सूचना स्क्रीन की जांच करना जारी रखें। हालांकि यह व्यवधान हमारे नियंत्रण से बाहर है, हम आज आपकी यात्रा योजनाओं में हुए व्यवधान के लिए ईमानदारी से क्षमा चाहते हैं।

इस व्यवधान में फंसे ब्रिटेन के प्रसारक गैबी लोगन ने ट्वीट किया, बुडापेस्ट हवाई अड्डे के रनवे पर एक विमान में सवार हूं। घर से लगभग तीन सप्ताह दूर रहने के बाद मैं अपने परिवार से मिलने से घंटों दूर हूं। और अभी बताया गया है कि ब्रिटेन का हवाई क्षेत्र बंद है। हम यहां 12 घंटे तक रह सकते हैं। इसलिए हम विमान में बैठते हैं और इंतजार करते हैं।

### अमेरिका में भी रोकी गई थीं उड़ानें

बता दें, इस साल जनवरी महीने में कंप्यूटर में गड़बड़ी के चलते पूरे अमेरिका में उड़ानें रोक दी गई थीं। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के हवाले से समाचार एजेंसी एएनआई ने बताया था कि फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन के कंप्यूटर्स आउटेज की समस्या देखी गई। इसके बाद पूरे संयुक्त राज्य अमेरिका में सैकड़ों उड़ानें प्रभावित हुईं।

# तोशाखाना मामलाः इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने इमरान खान की याचिका पर सुरक्षित रखा फैसला,दोषसिद्धि को दी थी चुनौती

**इस्लामाबाद,28 अगस्त 2023 ।** इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की उस याचिका पर सोमवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में अपनी तीन साल की जेल की सजा को निलंबित करने की मांग की थी। आईएचसी के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और न्यायमूर्ति तारिक महमूद जहांगीरी की खंडपीठ ने दोनों पक्षों के वकीलों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा। पीठ ने बाद में कहा कि फैसला मंगलवार सुबह 11.00 बजे सुनाया जाएगा।

एक प्रमुख स्थानीय समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, अपनी दलीलों के दौरान पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के वकील अमजद परवेज ने उच्च न्यायालय से अनुरोध किया कि वह राज्य को इस मामले में प्रतिवादी बनाने के लिए नोटिस जारी करे, क्योंकि कानून ने इसे जरूरी बना दिया है। परवेज ने जब अपनी दलीलें पूरी कीं तो खान के वकील लतीफ खोसा ने कहा कि उन्हें राज्य को नोटिस जारी करने की ईसीपी के वकील की याचिका पर कोई आपत्ति नहीं है।

इसके बाद अदालत ने मामले पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। एक निचली अदालत ने इस मामले में पांच अगस्त को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई)



के प्रमुख खान को दोषी ठहराते हुए तीन साल कैद की सजा सुनाई थी। खान पर आरोप था कि उन्होंने 2018-2022 तक के कार्यकाल के दौरान उन्हें और उनके परिवार को मिले राज्य के उपहारों को गैरकानूनी रूप से बेचा। एक सत्र अदालत ने उन्हें इस मामले में दोषी ठहराया था। उन्हें पांच साल के लिए राजनीति से प्रतिबंधित किया गया है। इससे वह अब आगामी आम चुनाव में भी हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील अमजद परवेज के बीमार होने के कारण अदालत में पेश नहीं हुए थे। इस कारण उच्च न्यायालय की पीठ ने शुक्रवार को सुनवाई स्थगित कर दी थी। खान के वकील लतीफ खोसा ने गुरुवार को दोषसिद्धि के खिलाफ अपनी दलील पूरी करते हुए कहा कि फैसला जल्दबाजी में और कमियों से भरा है। उन्होंने अदालत से सजा रद्द करने का आग्रह किया लेकिन बचाव पक्ष ने अपनी दलीलें पूरी करने के लिए और समय की मांग की।

कई लोगों का मानना है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा खान को दोषी ठहराने वाले फैसले में खामियों को उजागर करने के बाद खान के लिए एक अनुकूल फैसला आ सकता है। पिछले हफ्ते उच्चतम न्यायालय ने खान की दोषसिद्धि में प्रक्रियात्मक खामियों को माना था, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री की याचिका पर इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के फैसले का इंतजार करने का विकल्प चुना था।

# देशद्रोह मामले में जमानत मिलने के कुछ घंटे बाद मजारी को किया गया गिरफ्तार, पूर्व सांसद वजीर को राहत

**इस्लामाबाद,28 अगस्त 2023 ।** पाकिस्तानी मानवाधिकार वकील ईमान मजारी और पूर्व सांसद अली वजीर को सोमवार को इस्लामाबाद के आतंकवाद विरोधी अदालत ने देशद्रोह के एक मामले में जमानत दे थी, लेकिन जमानत मिलने के कुछ ही घंटे बाद ईमान मजारी को फिर से गिरफ्तार कर लिया गया।



पाकिस्तान पुलिस ने मानवाधिकार वकील ईमान मजारी को सोमवार को रावलपिंडी में अदियाला जेल के बाहर से फिर से गिरफ्तार कर लिया। इस्लामाबाद पुलिस ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि ईमान को बारा काहू पुलिस स्टेशन में दर्ज आतंकवाद के एक मामले में गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी इस्लामाबाद की आतंकवाद निरोधी अदालत (एटीसी) द्वारा ईमान और पूर्व सांसद अली वजीर को 30,000 रुपये के मुचलके पर गिरफ्तारी के बाद जमानत दिए जाने के कुछ घंटे बाद हुई है।

पूर्व मानवाधिकार मंत्री शिरीन मजारी की बेटी ईमान और वजीर को इस्लामाबाद पुलिस ने 20 अगस्त को पश्तून तहफ्फुज मूवमेंट (पीटीएम) द्वारा आयोजित एक विरोध-प्रदर्शन में भाग लेने के दो दिन बाद गिरफ्तार किया था। पीटीएम जातीय पश्तूनों के अधिकारों की वकालत करता है। ईमान ने इस्लामाबाद में पीटीएम की एक रैली को संबोधित किया था। पीटीएम पारंपरिक पुश्तू-भाषी कार्यकर्ताओं का एक समूह है और यह पाकिस्तानी सेना और शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान की आलोचना करता है।

# पहले स्कूल-कॉलेज से लेकर जिम और स्वीमिंग पूल बैन,अब अफगान महिलाओं के पार्क जाने पर रोक क्यों?

**नई दिल्ली,28 अगस्त 2023 ।** अफगानिस्तान में महिला विरोधी फरमानों की फेहरिस्त बढ़ती ही जा रही है। तालिबानी हुकूमत ने अब मध्य बामियान प्रांत में बंद-ए-अमीर नेशनल पार्क में महिलाओं के जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। बंद-ए-अमीर अफगानिस्तान के सबसे लोकप्रिय राष्ट्रीय उद्यानों में से एक है।

हालांकि,अफगानिस्तान में महिलाओं के अधिकार को सीमित करने का फैसला कोई नया नहीं है। बीते महीने ही तालिबान ने ब्यूटी सलून को बंद करने का आदेश दिया था। इस बीच हमें जानना जरूरी है कि अफगानिस्तान में हालिया फैसला क्या लिया गया है? इससे पहले कौन से फरमान जारी किए गए हैं? इन फैसलों पर नागरिक समाज क्या कहता है? तालिबान का इन मसलों पर क्या रुख है?

पहले जानते हैं कि अफगानिस्तान में हालिया फैसला क्या लिया गया है?

तालिबान हुकूमत ने अफगानिस्तान के मध्य बामियान प्रांत में बंद-ए-अमीर नेशनल पार्क में महिलाओं के जाने पर रोक लगा दी है। हर साल हजारों लोग बंद-ए-अमीर नेशनल पार्क का दौरा करते हैं और देश के मध्य बामियान प्रांत में नीलमणि-नीली झीलों और विशाल चट्टानों के नजारों का आनंद लेते हैं।

ताजा आदेश में कार्यवाहक नैतिकता मंत्री मोहम्मद खालिद हनाफी ने सुरक्षा बलों से महिलाओं को पार्क में प्रवेश करने से रोकने के लिए कहा है। हनाफी ने कहा कि महिलाओं के लिए दर्शनीय स्थलों की यात्रा करना जरूरी नहीं है। हनाफी ने तालिबान सुरक्षा बलों और बामियान प्रांत के बुजुर्गों से पार्कों में महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध को लागू करने में मदद करने का आग्रह किया। अपने भाषण के दौरान, उन्होंने तालिबान के निर्देशों की अवहेलना करने वाले लोगों और तालिबान द्वारा निर्धारित हिजाब नियमों का पालन न करने वाली महिलाओं की भी आलोचना की।



प्रतिबंध की घोषणा तब की गई जब मंत्री हनाफी ने शिकायत की कि पार्क में आने वाली महिलाएं हिजाब पहनने के उचित तरीके का पालन नहीं कर रही हैं।

इससे पहले कौन से फरमान जारी किए गए हैं?

इससे पहले जुलाई में ही नैतिकता मंत्रालय ने एक महीने के भीतर ब्यूटी सलून को बंद करने का आदेश दिया था। मंत्रालय के प्रवक्ता मोहम्मद सादिक आकिफ ने मंत्रालय के एक नोटिस का जिक्र करते हुए कहा था, %महिलाओं के लिए ब्यूटी पार्लरों को बंद करने की समय सीमा एक महीने है।%

2001 में तालिबान के सत्ता से हटने के बाद काबुल और अन्य अफगान शहरों में ब्यूटी सलून खुल गए। करीब दो दशक बाद 2021 में तालिबान फिर सत्ता में आया, तब भी कई सलून खुले रहे। इससे एक ओर जहां कई महिलाओं को नौकरियां मिल रही थीं वहीं उनके ग्राहकों को भी सुविधाएं मिल रही थीं। यहां सलून आमतौर पर केवल महिलाओं के लिए होते हैं और उनकी खिड़कियां ढकी होती हैं ताकि ग्राहकों को बाहर से न देखा जा सके।

काबुल निवासी सहर अपने बालों और नाखूनों को ठीक कराने के लिए एक सलून में जाती थीं। सहर ने कहा कि उन्हें लगता है कि बाहर सुरक्षित रूप से सामाजिक मेलजोल का अंतिम रास्ता अब बंद हो गया है।

एक अन्य महिला ने कहा, महिलाओं के लिए पार्क दोस्तों से मिलने के लिए एक अच्छी जगह थी। यह एक-दूसरे को देखने, अन्य महिलाओं, अन्य लड़कियों से मिलने और मुद्दों पर बात करने का एक अच्छा कारण था। महिला ने कहा, अब मुझे नहीं पता कि उनसे कैसे मिलूं, उन्हें कैसे देखूं, एक-दूसरे से कैसे बात करूं। मुझे लगता है कि यह हमारे और अफगानिस्तान के आसपास की महिलाओं के लिए बहुत कठिन होगा।

### स्कूल से कॉलेज तक की मनाही

पिछले साल, तालिबानी अधिकारियों ने अधिकांश लड़कियों के माध्यमिक विद्यालयों को बंद कर दिया। इसके साथ ही महिलाओं को विश्वविद्यालय से प्रतिबंधित कर दिया और कई महिला अफगान सहायता कर्मचारियों को काम करने से रोक दिया। इसके अलावा स्नानघर, जिम और पार्क सहित कई सार्वजनिक स्थान महिलाओं के लिए बंद कर दिए गए हैं।

इन फैसलों पर नागरिक समाज क्या कहता है?

पश्चिमी देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने संकेत दिया है कि महिलाओं पर प्रतिबंध तालिबान प्रशासन के लिए अंतरराष्ट्रीय मान्यता की किसी भी संभावित प्रगति में बाधा बन रहे हैं। तालिबान का कहना है कि वह इस्लामी कानून और अफगान रीति-रिवाजों की अपनी व्याख्या के अनुसार महिलाओं के अधिकारों का सम्मान करता है।

ह्यूमन राइट्स वॉच (एचआरडब्ल्यू) ने हालिया रोक के बाद अफगान महिलाओं पर लगाए गए प्रतिबंधों की बढ़ती सूची पर चिंता जताई है। एचआरडब्ल्यू की हीदर बर्र ने कहा कि अफगान महिलाओं और लड़कियों पर तालिबान के दमन को रोकने के लिए दुनिया को अब एकजुट होना चाहिए।

# मनेन्द्रगढ़ विधानसभा में सभी पार्टियों की नजर चिरमिरी पर

## आखिर चिरमिरी से ही विधानसभा का प्रत्याशी क्यों,कांग्रेस के पास दो-दो विनय ?

### डॉ.विनय जायसवाल व इंजीनियर विनय उपाध्याय कौन होगा कांग्रेस का विधायक प्रत्याशी दोनों ने पेश की दावेदारी ?



### मनेन्द्रगढ़ विधानसभा में वर्तमान विधायक का टिकट कटने पर विनय उपाध्याय व डोमरु रेड्डी प्रबल दावेदार



-रवि सिंह-
एमसीबी,28 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

जैसे-जैसे छतीसगढ़ विधानसभा का चुनाव नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे राजनितिक दल अपने विधानसभा प्रत्याशियों को लेकर दुविधा में है कि आखिर किस मौका दें और किसे ना दें? कौन प्रत्याशी पार्टी के लिए विनिंग होगा और कौन पार्टी की लुटिया डूबाएगा? इसे लेकर गहन चिंतन जारी है, चुनावी माहौल भी प्रत्याशियों को लेकर बिगड़ते दिख रहे हैं, बीजेपी का तो कुछ ठीक भी है पर कांग्रेस की स्थिति तो और भी समझ के पार वाली है, खासकर अविभाजित कोरिया जिले के मनेंद्रगढ़ और बैकुंठपुर विधानसभा में, इन दोनों विधानसभा में कांग्रेस बी फार्म भरवारी और बी फार्म भरवाने में ही इतने दावेदार खड़े हो गए हैं कि कांग्रेस खुद कंफ्यूजन में आ गई है, प्रत्याशियों की दावेदारी ने कांग्रेस को ही बैक फुट पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां लोग इस प्रकार के प्रत्याशीयों की दावेदारी को लेकर सवाल उठा रहे हैं तो वहीं इस सवालों से बचने के लिए कांग्रेस लोकतांत्रिक प्रकिया बताकर पल्ला झाड़ रही है। यदि विधानसभा क्रमांक 2 मनेन्द्रगढ़ की बात की जाए तो यहां पर वर्तमान विधायक के खिलाफ 21 लोगों ने दावेदारी पेश की है जिसमें से दो नाम काफी महत्वपूर्ण है एक तो डॉक्टर विनय जायसवाल के विकल्प इंजीनियर विनय उपाध्याय है तो दूसरा पूर्व महापौर के डमरू रेडी है, यदि परफॉर्मेंस के आधार पर डॉक्टर विनय जायसवाल का टिकट जैसा कटना तय माना जा रहा है, उस स्थिति में विनय का विकल्प विनय हो सकते हैं, जिसकी संभावनाएं ज्यादा बताई जा रही है, कुछ समीकरण भी ऐसे ही बना रहे हैं। पर वैसे लोगों का यह भी मानना है कि डॉक्टर विनय जायसवाल का टिकट कटना मुश्किल है, वैसे देखा जाए तो अविभाजित कोरिया जिले के तीनों विधायक इस समय छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष के आसपास मंडरा रहे, उनका यह मानना है की टिकट तो वही दिलाएंगे। पर यदि पार्टी जनता के सर्वे को मानकर चलें तो पार्टी और जनता के लिए इंजीनियर विनय उपाध्याय एक अच्छा विकल्प हो सकते हैं। फ्रेश कैंडिडेट के साथ कांग्रेस के लिए पिछले चुनाव की तरह इस चुनाव में भी फायदेमंद माना जा सकता है,ऐसे समीकरण समझ में आ रहे हैं। वैसे इंजीनियर विनय उपाध्याय ने भी अपनी दावेदारी पेश कर दी है। अगर हम मनेन्द्रगढ़ विधानसभा की बात करे तो इस बार कांग्रेस और भाजपा जैसी राष्टीय पार्टियों के साथ ही गोंडवाना गणतंत्र पार्टी और आम आदमी पार्टी इस बार चिरमिरी से अपना प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है।

### संभावनाएं विनय उपाध्याय पर टिक सकती है...

अब देखना यह है की कांग्रेस किसे टिकट देती है, पूर्व में मनेंद्रगढ़ विधानसभा में कांग्रेस नेताओं की एक तिकड़ी बनी थी जिसने समझौता आपसी किया था की तीनों में से जो भी प्रत्याशी बनाया जायेगा शेष दो अन्य मौन हो जायेंगे और मदद एक की करेंगे, उसमे एक मनेंद्रगढ़ शहर से राज कुमार केशवानी थे एक चिरमिरी से डोमरु रेड्डी थे, तीसरे खड़गवां से अशोक श्रीवास्तव थे जिनमे से एक को तो विधानसभा अध्यक्ष ने तिकड़ी से अलग कर दिया है जिलाध्यक्ष का लॉलीपॉप देकर, वहीं अब दो बचे जो अब दो ही क्षेत्र सम्हाल पायेंगे एक दूसरे के लिए जिलाध्यक्ष तो जिसे टिकट मिलेगा उसी के लिए काम करने मजबूर होगा, अब ऐसे में पार्टी किसे टिकट देगी देखने वाली बात होगी, वैसे विनय उपाध्याय की दावेदारी ने यह भी साबित कर दिया की जरूरी नहीं जो नाम लगातार सुर्खियों में हों उन्हे ही मौका मिले, अविभाजित कोरिया जिले से ऐसा नाम भी एकाध विधानसभा से सामने आ सकता है, जो पुराना कांग्रेसी नाम होगा और जो जीतने लायक भी होगा जो संभावनाएं विनय उपाध्याय बनाते नजर आ रहे हैं।

### आखिर मनेन्द्रगढ़ विधानसभा का प्रत्याशी चिरमिरी से क्यों ?

राजनीति के जानकार बताते है कि मनेन्द्रगढ़ विधानसभा में मुख्य रूप से तीन क्षेत्र आते है। मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी और खड़गवां लेकिन मनेन्द्रगढ़ विधानसभा का एकमात्र नगर निगम क्षेत्र चिरमिरी आबादी और क्षेत्रफल में मनेन्द्रगढ़ और खड़गवां से बड़ा है पिछले चुनाव की यदि बात करे तो चिरमिरी के लगभग 65 हजार मतदाताओं ने यहां मतदान किया था वही मनेन्द्रगढ़ और झगराखांड के 28 हजार एवं खड़गवां के 34 हजार मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग किया था। इस लिहाज से मनेन्द्रगढ़ विधानसभा के प्रतिनिधित्व का पहला हकदार चिरमिरी है, वहीं जानकारों का कहना है कि खड़गवां में मुख्य रूप से कांग्रेस एवं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रभाव वाला क्षेत्र है, वहीं मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र के मतदान का रुझान हमेशा से कांग्रेस के पक्ष में रहा है और चूंकि इस बार जिला गठन होने के बाद सबसे ज्यादा इसका फायदा मनेंद्रगढ़ को ही हुआ है, इसलिए वहां से कांग्रेस लीड ही करेगी बड़ी लीड करेगी यह तय है, जबकि चिरमिरी का मतदान ही मनेन्द्रगढ़ विधानसभा में किसी भी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करता है, यहां पर यह बताना जरूरी हो जाता कि नए परिसीमन के बाद वर्ष 2008 में चिरमिरी मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र से जुड़ा था। इससे पूर्व चिरमिरी बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता था।

### पिछले तीन विधानसभा के चुनाव परिणामो पर नजर

यदि हम पिछले तीन विधानसभा के चुनाव परिणामो पर नजर डाले तो वर्ष 2008 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने मनेन्द्रगढ़ विधानसभा की सीट राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को समझौते के तहत देकर भाजपा को वाक ओव्हर दे दिया था जिसका नतीजा यह हुआ कि इस चुनाव में भाजपा के स्व. दीपक पटेल ने 18 हजार से ज्यादा मतों से अपनी जीत दर्ज की दूसरी बार 2013 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के श्याम बिहारी जायसवाल ने कांग्रेस के स्व. गुलाब सिंह को शिकस्त दी और चुनाव में जीत हासिल की इसके बाद हुए 2018 के चुनाव में कांग्रेस के डॉ. विनय जायसवाल ने भाजपा के श्याम बिहारी जायसवाल को शिकस्त देकर अपनी जीत की। पिछले दो विधानसभा चुनाव के नतीजों को देखने पर एक बात स्पष्ट रूप से दिखाई देती है कि मनेन्द्रगढ़ विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर होती है दोनों ही बार विजेता प्रत्याशियों के जीत का अंतर 5 हजार वोटो के भीतर ही रहा है और दोनों बार प्रत्याशियों के जीत में चिरमिरी की भूमिका निर्णायक रही है वहीं पिछ्ली बार की हार जो भाजपा की हुई थी वह भाजपा के ही एक बड़े नेता के चुनावी मैदान में जोगी कांग्रेस से कूद जाने की वजह से हुई थी यह भी एक सत्य है,राजनीति के जानकार तो यहां तक कह रहे है कि जिस भी राजनैतिक पार्टी ने चिरमिरी की उपेक्षा की, उसे चुनाव में हार का मुंह देखने से कोई नही रोक सकता। यही कारण है कि इस बार लगभग सभी राजनैतिक दल मनेन्द्रगढ़ विधानसभा के लिए अपना प्रत्याशी चिरमिरी से तलाश करने में जुट गए है।

### चिरिमिरी से भाजपा अपना प्रत्याशी इसलिए भी उतारेगी क्योंकि उसे मनेंद्रगढ़ से कभी उतने मत नहीं मिले

चिरिमिरी से भाजपा अपना प्रत्याशी इसलिए भी उतारेगी क्योंकि उसे मनेंद्रगढ़ से कभी उतने मत नहीं मिले जो वह अपेक्षा रखती थी, मनेंद्रगढ़ में भाजपा पांच हजार के आस पास ही सिमट कर हर बार रह गई है और ऐसे में मनेंद्रगढ़ से वह किसी को टिकट देगी लगता नहीं वह भी इस बार जब मनेंद्रगढ़ को कांग्रेस ने जिला मुख्यालय बना दिया है वहीं भाजपा यह भी चाहती है की कांग्रेस का टिकट वर्तमान विधायक को ही मिले क्योंकि उनके ऊपर वह भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर चुनावी बिगुल फूंक चुकी है और जिसमे वह सफल भी रही है और भाजपा मानती है वर्तमान विधायक यदि चुनाव लड़ते हैं तो उन्हें घेरना आसान होगा और भाजपा जीत दर्ज कर लेगी।

## चित्रांश समाज ने नव नियुक्त एमसीबी कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव का किया सम्मान



-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,28 अगस्त 2023
(घटती घटना)

भगवान उत्ताशय के विचार कांग्रेस पार्टी के एमसीबी जिले के नवीन जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के अवसर पर व्यक्त किया, उन्होंने मनेन्द्रगढ़ नए जिले के बंटवारे को याद करते हुए कहा कि मैं 45 ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों के मनेन्द्रगढ़ जिले मे शामिल होने के पक्ष में सहमति पत्र मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सम्मुख रखें एवं आवश्यकता अनुसार हाईकोर्ट की याचिका में भी खड़गवां ब्लॉक का मनेन्द्रगढ़ जिले के पक्ष में समर्थन पत्र प्रस्तुत किया था, तब जाकर हाईकोर्ट ने खारिज की और खड़गवां मनेन्द्रगढ़ जिले में शामिल हुआ, उन्होंने विश्वास दिलाया की मनेन्द्रगढ़ के चित्रांश समिति द्वारा मांगी गई कायस्थ भवन का आप सभी का सपना जल्द ही साकार होगा।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मनेन्द्रगढ़ द्वारा चित्रगुप्त मंदिर सिविल लाइन साई मंदिर प्रांगण में विशेष पूजा अर्चना कार्यक्रम के पश्चात अशोक श्रीवास्तव का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, अंचल के चित्रांश परिवार के सदस्यों के मध्य सर्वप्रथम का अ.भा. काय. महासभा मनेन्द्रगढ़ के अध्यक्ष सत्येंद्र सिन्हा, वरिष्ठ सदस्य वीरेंद्र श्रीवास्तव, नरेंद्र श्रीवास्तव एवं विदुर सिन्हा के साथ पुष्प माल एवं शाल श्रीफल से सम्मान एवं स्वागत किया गया, उन्होंने अपने उद्बबोधन में चित्रांश परिवार की ओर से शुभकामनाएं एवं बधाइयां देते हुए महेंद्रगढ़ में कायस्थ समाज भवन की इच्छा व्यक्त की। वरिष्ठ सदस्य बीरेंद्र श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में बधाई देते हुए कहा कि मनेन्द्रगढ़ जिला दो विधायकों का जिला होने के कारण जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव पर दो विधायकों को जीताने का बड़ा दायित्व सौपा गया है, उन्होंने जिला अध्यक्ष का ध्यान आकर्षण करते हुए नागपुर-चिरमिरी नई रेलवे लाइन के भू अधिग्रहण एवं राज्य शासन की सहयोग राशि के कार्य को पूर्ण कराने हेतु प्रयास करने का अनुरोध किया जो आगामी चुनाव के का मुख्य मुद्दा होगा, और आगामी चुनाव की दिशा तय करेगा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने इसे पूरा करने में पूर्ण सहयोग करने का वचन दिया, भक्ति भाव भरे इस सम्मान समारोह में चित्रांश परिवार के नरेंद्र श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, विदुरसिन्हा, अभिषेक सिन्हा, मनीष, अनूप, विकास, पवन श्रीवास्तव एवं पत्रकार राजेश सिन्हा सहित साई मंदिर कमेटी सदस्य तथा सम्माननीय नागरिक राजू कक्कड़ गौरव मिश्रा एवं बबलू दास सहित जनसमूह ने अपनी उपस्थिति के साथ इस सम्मान कार्यक्रम की गरिमा गरिमा बढ़ाई।

## क्या पटना क्षेत्र के मुस्लिम समुदाय को चुनाव से पहले साधने के प्रयास में जुटी कोरिया कांग्रेस ?

### बैक टू बैक एक महीने में पटना से मुस्लिम समुदाय के तीन लोगों को कांग्रेस ने दी जिम्मेदारी

### जिम्मेदारी मिलने से समाज के लोगों में खुशी का माहौल...जगह-जगह हो रहा सम्मान...

### समाज को एकजुट कर पार्टी के लिए समाज के मतदाताओं को करेंगे जागरूक पदाधिकारी...





-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,28 अगस्त 2023
(घटती घटना)

कोरिया जिला कांग्रेस कमेटी ने ऐन चुनाव के पहले पटना क्षेत्र के मुस्लिम समुदाय के लोगों के मतों को साधने अपना प्रयास जारी कर दिया है और जिसका असर भी दिखने लगा है और दो प्रकोष्ठों में मुस्लिम समुदाय के लोगों को मौका देने के बाद अब पार्टी ने एन एस यू आई के जिला उपाध्यक्ष पद पर पटना ग्राम से युवक फरोक सिद्धकी को मौका दिया है और उन्हे जिला कार्यकारणी में स्थान प्रदान किया है।

बता दें की आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और इसी तारतम्य में अब पार्टी स्तर पर नियुक्तियों का दौर भी तेजी से जारी देखा जा रहा है जिसमे कई मोर्चा प्रकोष्ठों सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर हाल ही में नियुक्तियां की गई हैं जिसमे अल्प संख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष,खेलकूद प्रकोष्ठ में नियुक्ति साथ ही अब एन एस यू आई में नियुक्तियां की गई हैं। वैसे पार्टी नियुक्तियों में इस बात का भी ध्यान रख रही है की कहां किस समुदाय को पद देने से ज्यादा फायदा होने के आसार हैं और उसी अनुरूप पदों पर नियुक्तियां की जा रही हैं। वहीं पटना क्षेत्र से एक समुदाय विशेष को जिम्मेदारी मिलने से समुदाय के लोगों को एकजुट भी होते देखा जा रहा है, लेकिन क्या जिम्मेदारी मिलने वालों को समाज से लेकर कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता भी कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित कर रहे हैं तीनों के लिए सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है। एनएसयूआई का भी विस्तार सूची सामने आया जिसमें पटना से फरोक सिद्दीकी को जिम्मेदारी दी गई जिनके स्वागत पार्टी से लेकर उनके समाज के लोग भी करते नजर आए। निलेश पांडे के नेतृत्व में फरोक सिद्दीकी के लिए सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां कांग्रेस के तमाम दिग्गज उपस्थित रहे। निलेश पांडे दिग्गजों को इकट्ठा करने में सफल दिखते नजर आए।

### मुस्लिम समुदाय के लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का काम करेंगे नियुक्त समस्त पदाधिकारी

पटना क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय के लोग भाजपा में भी शामिल हैं विभिन्न पदों पर हैं और अब जिन तीन प्रमुख पदों पर कांग्रेस ने पटना क्षेत्र से मुस्लिम समुदाय के युवकों को मौका दिया है पार्टी के लिए काम करने के लिए उनकी जिम्मेदारी बड़ी होगी और उन्हे समुदाय के लोगों को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने का काम करना होगा जो उनके लिए एक चुनौती होगी। कांग्रेस सत्ता में पुनः वापसी के लिए जहां प्रयासरत रहेगी वहीं भाजपा पुनः वापसी का प्रयास करेगी और दोनो दल आमने सामने होंगे और यहीं पदाधिकारी होने की उन्हे जिम्मेदारी निभानी होगी और पार्टी को समुदाय से अधिक से अधिक मत प्राप्त हो सके यह उन्हे प्रयास करना होगा।

### निलेश पाण्डेय ने आयोजित किया एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष के लिए सम्मान कार्यक्रम

पटना क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी में जान फूंकने का काम युवा नेता निलेश पाण्डेय लगातार कर रहें हैं। हाल में उनके कुशल नेतृत्व में लगातार कई कार्यक्रम ऐसे देखे गए जो सत्ता में शानदार वापसी कर राज्य की बागडोर सम्हालने वाली कांग्रेस पार्टी की जिला इकाई विगत साढ़े चार सालों में विधानसभा बैकुंठपुर क्षेत्र में नहीं कर पाई। निलेश पाण्डेय ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी में सेंध लगाने का बड़ा काम किया,भाजपा में भी उन्होंने सेंध लगाई वहीं वह अब पटना ग्राम में भी अपनी सक्रियता से पार्टी में जान फूंकने का काम कर रहें हैं जो नजर भी आ रहा है। उनके नेतृत्व में एन एस यू आई जिला उपाध्यक्ष बनाए गए फरोक सिद्दीकी का जोरदार अभिनंदन ग्राम पटना में किया गया जहां ग्राम के सभी कांग्रेसी एकजुट नजर आए। पहले पार्टी के जितने भी आयोजन हुआ करते थे वह गुटबाजी की भेंट चढ़ जाया करते थे लेकिन अब सभी साथ नजर आ रहें हैं और यह उपलब्धि निलेश पाण्डेय की बदौलत पार्टी को क्षेत्र में मिल पा रही है। अल्प संख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर रियाज कुरैशी का भी सम्मान कार्यक्रम निलेश पाण्डेय के नेतृत्व में ही संपन्न हो पाया था जिसमे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भी मौजूद नजर आए थे जो पिछले कई वर्षों से पार्टी कार्यक्रमों से दूर देखे जा रहे थे।

### बड़े कांग्रेसी नेताओं के समर्थकों का पार्टी कर रही ख्याल,पद वितरण में इसका रखा जा रहा ध्यान

कोरिया जिला कांग्रेस कमेटी संगठन में पद वितरण को लेकर बड़े नेताओं के समर्थकों का ध्यान रख रही है और यह हाल फिलहाल में पटना क्षेत्र में जो पद कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिए गए हैं उससे यह नजर भी आता है,अल्प संख्यक प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी विधायक समर्थक उनके खास रियाज कुरैशी को दिया जाना,खेल प्रकोष्ठ में वहीद खान को पद कांग्रेस नेता अनिल जायसवाल की मंशानुरूप दिया जाना वहीं फरोक सिद्दीकी जो बिहारीलाल राजवाड़े से जुड़े हुए हैं उन्हे एन एस यू आई का जिला उपाध्यक्ष बनाया जाना दर्शाता है की कहीं न कहीं पार्टी पद बांटकर कार्यकर्ताओं को तो खुश करने का प्रयास कर ही रही है बड़े नेताओं को भी वह उनके समर्थकों उनके चाहने वालों को पद देकर प्रसन्न कर रही है जो नजर आ रहा है।

### मुस्लिम समुदाय में पटना क्षेत्र से समुदाय के तीन लोगों को तीन प्रमुख जिम्मेदारी पार्टी में मिलने पर हर्ष का माहौल

पटना क्षेत्र के आसपास साथ ही पटना में मुस्लिम समुदाय का अच्छा खासा जनाधार है,कांग्रेस पार्टी इसको लेकर अंदाजा लगा चुकी है की इस क्षेत्र में समुदाय को साधना अत्यंत जरूरी है क्योंकि पार्टी में संगठन में पदों के हिसाब से उनकी हिस्सेदारी कम है और इसलिए ही पार्टी ने अपने तीन प्रमुख प्रकोष्ठों में पटना से मुस्लिम समुदाय के तीन लोगों को जिम्मेदारी बड़ी जिम्मेदारी दी है। इसका असर भी नजर आने लगा है समुदाय में हर्ष भी व्याप्त है और समुदाय भी पद पाए समुदाय के लोगों का अभिनंदन कर रहा है जो पटना में देखा गया। पटना में समुदाय के वह लोग भी अभिनंदन में नजर आए जो भाजपा के कार्यकर्ता हैं या रह चुके हैं,कुल मिलाकर समुदाय ने पद दिए जाने पर अभिनंदन के दौरान पार्टी की लाइन छोड़कर अभिनंदन कार्यक्रम में हिस्सा लिया जो नजर आया।

CMYK

# ट्रैक्टर व ट्रॉली का रजिस्ट्रेशन कृषि कार्य का लेकिन काम खनिज परिवहन का




## प्रशासनिक नियंत्रण नहीं रहने का परिणाम सड़कों पर बेखौफ दौड़ा रहे नाबालिग

-अरविन्द द्विवेदी- **अनूपपुर,28 अगस्त 2023 (घटती घटना)।** कृषि कार्य के नाम पर पंजीकृत ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का सम्पूर्ण जिले में व्यावसायिक उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिससे शासन को लाखों रुपए के टैक्स की हानि तो हो ही रही है वहीं दुर्घटना होने पर लोगों को क्लेम लेने में भी परेशानी आती है। परिवहन विभाग में ट्रैक्टर-ट्रॉली का पंजीयन कृषि उपयोगी कार्यों के लिए होता है, लेकिन लंबे समय से सड़कों एवं हाइवे पर नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। जबकि ना तो परिवहन विभाग और ना पुलिस विभाग द्वारा इस दिशा मे कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की जाती। ट्रैक्टर ट्रॉली पूरे क्षेत्र मे कृषि कार्य के नाम से पंजीकृत वाहन सड़कों पर रेत, मुरूम, मिट्टी ढोने में उपयोग होता है।

### नाम कृषि का,काम खनिज परिवहन का -

जिले एवं आसपास के क्षेत्रो मे सैकड़ों की संख्या मे ट्रैक्टर धड़ल्ले से सड़कों पर दौड़ रहे हैं जो कृषि कार्य के नाम से लिए जाते हैं। जिसमे कृषको के नाम से उन्हें अनुदान भी प्राप्त होता है और ऐसे वाहनो से खनन से जुड़े माफियाओं द्वारा रेत, बोल्डर, गिट्टी एवं मुरुम सहित मालवाहक के रुप मे उनका अवैध रुप से उपयोग किया जाता है। जबकि सारी हकीकत जानते हुए भी इस दिशा मे परिवहन विभाग एवं पुलिस अधिकारी चुप्पी साधे हुए है।

### आए दिन घटित होती है दुर्घटना

ट्रैक्टर ट्रॉलियों में सिग्नल नहीं होने एवं इंजन की एक हेड लाइट जलाकर तेज एवं लापरवाह पूर्वक चलाने के कारण आए दिन क्षेत्र में सड़क दुर्घटना घटित हो रही है। बेलगाम होकर दौड रहे ट्रैक्टरों से क्षेत्र के कई राहगीरों को मौत की नींद सुलाकर फरार हो जाते हैं। इस प्रकार हादसों मे हर वर्ष दर्जन भर लोगो की जान जा रही है। मगर लगातार हो रहे हादसों के बाद भी विभाग के ध्यान नही देने के कारण हादसो मे इजाफा हो रहा है।

### क्या है नियम

जानकारी के अनुसार खेती-किसानी का काम करने वाले किसानों द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली खरीदने पर शासन ने उन्हें कर मुक्त रखा है। अगर कोई व्यक्ति ट्रैक्टर-ट्रॉली खरीद कर उसका व्यावसायिक उपयोग कर रहा है तो उसे ट्रैक्टर-ट्रॉली का अलग-अलग पंजीयन कराना होता है, इसके लिए परिवहन विभाग में बतौर पंजीयन राशि जमा करवाना होती है। संबंधित व्यक्ति को प्रत्येक दो साल बाद पंजीयन का रिन्युअल कराना भी आवश्यक है लेकिन इन सभी नियमों को दरकिनार कर कोतमा सहित पूरे क्षेत्र में ट्रेक्टर-ट्रॉलियों का कृषि कार्य में कम व्यावसायिक उपयोग ज्यादा हो रहा है। व्यावसायिक कार्यो से आरटीओ को भी हर माह लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान होता है, फिर भी विभाग के अधिकारी इन पर कार्यवाही नहीं करते हैं। एक ओर सरकार किसानों को कृषि कार्य के संसाधनों व यंत्रों पर लाखों रुपए का अनुदान देती है दूसरी तरफ व्यवसायी किसानों की आड़ में शासन से अनुदान प्राप्त कर ट्रैक्टर-ट्रॉली खरीदकर खनिज परिवहन में उपयोग करते हैं। आरटीओ कार्यालय के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली का कमर्शियल उपयोग के लिए पंजीयन शुल्क पांच हजार रुपए से अधिक होता है। आरटीओ रिकॉर्ड के अनुसार जिले में ट्रैक्टर-ट्रॉली का पंजीयन कमर्शियल उपयोग के लिए नहीं करवाया गया है। इससे यातायात नियमों का उल्लंघन हो रहा है साथ ही सड़कों पर तेज गति से दौड़ते ट्रैक्टर से हादसों को निमंत्रण दे रहे हैं।

### नाबालिग व नौसिखिया दौड़ाते हैं ट्रैक्टर

जिले में नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैक्टर मालिक ट्रैक्टर नाबालिग, नौसिखिया को भी चलाने के लिए दे देते हैं जिनके पास इनका लाइसेंस तक नहीं होता। शहर में ट्रैक्टर सड़कों को खेत की तरह जोत रहे हैं, लाइसेंस जांच से लापरवाह ट्रैक्टर ड्राइवरों को एक हाथ में मोबाइल और दूसरे में स्टीयरिंग लिए देखा जा सकता है लेकिन पुलिस उन्हें देखकर भी आंख मूंदे रहती है। घनी आबादी के बीच तेज आवाज में गाना बजाते सुबह, दोपहर, शाम बेलगाम रफ्तार से चलने वाले ट्रैक्टरों को रोकने वाला कोई नहीं दिखता।

### सुरक्षा संबंधित मानक की नहीं होती जांच

प्रशासिनक जांच और कार्यवाही में शिथिलता बरती जा रही है। प्रशासनिक नियंत्रण नहीं रहने का परिणाम है कि नगर के गलियों में भी काफी स्पीड से ट्रैक्टर का परिचालन जारी है व सड़क पर तेज गति से ट्रैक्टर गुजरने से लोग काफी भयभीत रहते हैं। शहर में बाइक परिचालन के लिए हेलमेट दस्तावेज की जांच हो रही है लेकिन ट्रैक्टर परिचालन से संबंधित सुरक्षा मानक की जांच नहीं हो रही है। वहीं जब कभी जांच में बिना लाइसेंस ट्रैक्टर चलाते पकड़े जाने पर संबंधित विभाग द्वारा केवल जुर्माना वसूली कर अपना कोरम पूरा कर लेते हैं।

# बजरंग दल के त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम में 200 युवा ने लिया शस्त्र पूजन दीक्षा

-संवाददाता-
**कोरबा,28 अगस्त 2023, (घटती घटना)**




जिले के तिलक भवन में विश्व हिंदू परिषद केन्द्रीय संत मार्गदर्शन मंडल के सदस्य राजीव लोचन महाराज (राजिम के पीठाधीश), जिला अध्यक्ष नीतीश डालमिया, विभाग मंत्री विनय मोहन पाराशर, जिला मंत्री विजय कुमार राठौर, जिला सह मंत्री अखिलेश जयसवाल व बजरंग दल के जिला संयोजक राणा मुखर्जी प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा के शहर के मिशन रोड स्थित कलचुरी जायसवाल समाज के भवन में किया गया त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन ,जिसके अंतर्गत 200 युवा इस त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम में दीक्षा लेकर हिंदू धर्म एवं हिंदू राष्ट्र के निर्माण को और अधिक मजबूत और प्रबल बनाने में अपना योगदान देंगे।

इस दौरान विस्तृत जानकारी देते हुए कहा गया के विश्व हिंदू परिषद जिला कोरबा परिषद षष्ठीपूर्ति वर्ष मना रहा है। 29 अगस्त 1964 में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना सांदीपनि आश्रम, मुंबई स्वामी चिनम्यानंद एवं संतो, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सहसंचालक सदाशिव राव माधव राव गोलवलकर श्री गुरु के मार्गदर्शन में स्थापित किया गया था। विश्व हिंदू परिषद पूरे विश्व में रह रहे सभी हिंदूओ को सदस्य के रूप में मानकर कार्य करती है। वर्तमान में विश्व के 28 देश में सक्रिय रूप से कार्य चल रहा है। इसी श्रृंखला में दिसंबर 2023 विश्व हिंदू परिषद की अंतर्राष्ट्रीय बैठक बैंकॉक में आयोजित है। षष्ठीपूर्ति वर्ष में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा देश के सभी राज्यों, जिलों, प्रखंड, ग्राम में शौर्य जागरण यात्रा के द्वारा हिंदू विभुतियों, शौर्यो, बलिदानियों के विषय को लेकर जाएगी। विश्व हिंदू परिषद के युक्त पदाधिकारी ने बताया कि इसी श्रृंखला में कोरबा जिला के अंतर्गत बजरंग दल के करीब 200 कार्यकर्ताओं का शस्त्र पूजन (त्रिशूल) दीक्षा सोमवार दिनांक 28 अगस्त 2023 को दोपहर 03ः00 बजे शहर के मिशन रोड स्थित कलचुरी जायसवाल भवन में आयोजित काटकरा में भाग लिया द्य विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मार्गदर्शन मंडल के सदस्य पूज्यनीय संत राजीव लोचन जी महाराज के द्वारा संकल्प दीक्षा दी गई। तत्पश्चात आगामी आयोजनों की जानकारी पर प्रकाश डालते हुए कहा गया के सितंबर महीने के 9-14 तारीख तक बजरंग दल के द्वारा शौर्य जागरण यात्रा जिले के विभिन्न प्रखंड एवं ग्राम इकाइयों तक पहुंच कर जागरण का कार्य किया जाएगा। इस शौर्य जागरण यात्रा में विभिन्न वक्ताओं के द्वारा ब्लॉक मुख्यालय में सभा आयोजित की जाएगी। 14 सितंबर को जिला मुख्यालय कोरबा में संतो के मार्गदर्शन में शौर्य सभा का आयोजन किया जाएगा।

जिला कोरबा में आगामी कार्यक्रम विश्व हिंदू परिषद की स्थापना दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी 07 सितंबर, दुर्गा वाहिनी एवं मातृशक्ति के द्वारा दुर्गा अष्टमी में शौर्य यात्रा एवं शक्ति पूजन, शस्त्र दीक्षा 15-23 अक्टूबर के मध्य आयोजित किया जाएगा । वाल्मीकि जयंती 28 अक्टूबर विश्व हिंदू परिषद की सेवा आयाम के द्वारा सेवा बस्तियों में वाल्मीकि जयंती मनाया जाएगा, गोपाष्टमी एवं गुरु नानक जयंती 20 नवंबर विश्व हिंदू परिषद गौ सेवा आयाम समरसता आयाम के द्वारा विभिन्न में आयोजित किया जाएगा, शौर्य यात्रा गीता जयंती के उपलक्ष में 22 दिसंबर को बजरंग दल के द्वारा आयोजित की जाएगी, स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस 23 दिसंबर, धर्म रक्षा दिवस में 24 दिसंबर को आयोजित की जाएगी।

### फुटबाल टूर्नामेंट एवं कोचिंग कैंप का किया गया आयोजन

-संवाददाता-
**कोरबा,28 अगस्त 2023, (घटती घटना)**

एनटीपीसी कोरबा प्रायोजक छत्तीसगढ़ फुटबाल फ़ैडरेशन द्वारा फुटबाल चैंपियनशिप/ टूर्नामेंट एवं कोचिंग कैंप दिनांक 15.08.2023 से सिपेट कोरबा में आयोजन किया गया जिसमे 5-6 टीमों ने टूर्नामेंट में भाग लिया जोकि 05 दिन तक चला। इस फुटबाल के खेल कूद में तीन श्रेणियाँ रखा गया था द्य सब-जूनियर गर्ल्स, जूनियर गर्ल्स तथा सीनियर गर्ल्स तथा इस कार्यक्रम के दो पहलू रखे गए - टूर्नामेंट एवं कोचिंग कैंप। वर्तमान में चयनित 30-35 खिलाड़ियों को 21 दिन का कोचिंग कैंप प्रदान किया जा रहा है। इस कोचिंग कैंप के बाद वे राष्ट्रिय लेबल पर छत्तीसगढ़ को प्रतिनिधित्व करेंगे साथ ही छत्तीसगढ़ राष्ट्र स्टेट फूटबाल टीम में भी शामिल होंगे। ये सभी 30-35 खिलाड़ी अंतर-ज़िला टूर्नामेंट के विजेता है। एनटीपीसी कोरबा ने सभी खिलाड़ियों को बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दी है तथा सभी कैंप में उपस्थित खिलाड़ियों के राष्ट्रीय टीम में चयन हेतु भरसक मेहनत करने का भी सुझाव दिया गया ।

# मनेंद्रगढ़ विधायक,चिरमिरी महापौर के द्वारा पहली बार सावन माह के अंतिम सोमवार को भव्य त्रिशूल यात्रा का हुआ आगाज

**शहर के हल्दीबाड़ी हिरागिरि के पंचवटी पहाड़ पर मंत्रों उच्चारण के साथ विराजे महादेव शिव. के त्रिशूल और डमरू**

-संवाददाता-
**चिरमिरी,28 अगस्त 2023 (घटती घटना)**



शहर और मनेन्द्रगढ़ विधनसभा के विधायक डॉ विनय जायसवाल एवं चिरमिरी की प्रथम नागरिक श्रीमती कंचन जायसवाल के द्वारा पहली बार सावन माह के अंतिम सोमवार को विशाल रूप में महादेव शंकर की प्रतिमा स्थापना से पूर्व त्रिशूल यात्रा निकाल कर पुरे शहर को हर हर महादेव के रंग और उनके नारों से गूंजता हुआ दिखा पुरे विधानसभा स्तरीय इस विशाल यात्रा को सभी ने सराहा और व्यक्ति भगवान भोले की धुन में थिरकता हुआ दिखा.. विधायक मनेंद्रगढ़ ने इस पुरे आयोजन की जानकारी देते हुए बताया की हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सावन पर्व के पवित्र माह को हम सभी अपने साथियों के भगवन भोले की मंत्रो उच्चारण कर रहे है पर इस बार हमारे शहर चिरमिरी को एक अलग पहचान दी जा रही है शहर के हजारों श्रद्धालुओं की यह वर्षो पुरानी मांग थी की हल्दीबाड़ी में हिरागिरि पहाड़ में स्थित पंचवटी मंदिर में देवों के देव महादेव शिव की प्रतिमा स्थापना के प्रथम कार्य में उनके त्रिशूल की स्थापना की जा रही है जो इस शहर और इन प्राचीन मंदिर को एक अलग पहचान देगी इस तारतम्य में हमारी त्रिशूल यात्रा का आगाज हम चिरमिरी शहर के डोमनहिल क्षेत्र में स्थापित माँ काली के चरणों वंदन कर कर रहे है । जो डोमनहिल से गोदरिपारा क्षेत्र होते हुए बड़ा बाजार से हल्दीबाड़ी के काली मंदिर स्थल होकर पंचवटी पहाड़ तक जाएगी इस यात्रा में सभी श्रद्धालुगण शिव के त्रिशूल को अपने कांधो पर रख कर प्रचीन मंदिर में स्थापित करेंगे । मै इस धार्मिक अयोजन को राजनीती रूप नहीं देना चाहता पर यह सोचने का विषय है की पूर्व की सरकार और उनके नुमाइंदों ने कभी इस ओर सुध नहीं ली वह लोग मात्र भगवन श्री राम के नाम पर राजनीती करते है जिसका जीत जागता दृश्य पुरे देश में देखने को मिल रहा है । बहरहाल इस भव्य आयोजन में हजारों की संख्या में महादेव के भक्तों ने अपनी उपस्थिति देकर इस माह के अंतिम सोमवार को और भव्य रूप दे दिया निर्धारित त्रिशूल यात्रा अपने निर्धारित समय से लगभग 1 घण्टे विलंब से निकली और जो अपने निर्धारित मार्ग होते हुए संध्या 5 बजे पंचवटी पहाड़ पर पहुची जहाँ देश के कई राज्यो से आये पुजारियों ने भगवान शिव के मंत्रो उच्चारण करते हुए पूरा अर्चना कर महादेव के त्रिशूल की स्थापना को अंतिम रूप दिया।

# संभागीय शालेय प्रतियोगिता में सूरजपुर विजयी

**संवाददाता-सूरजपुर,28 अगस्त 2023 (घटती घटना)।** शालेय संभागीय खेल कूद प्रतियोगिता के अंतर्गत 25 अगस्त से 26 अगस्त 2023 तक दो दिवस शासकीय कन्या क्रीडा परिसर अम्बिकापुर एवं शा बहुउद्देषीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर के क्रीड़ागन में 14 वर्ष आयु ग्रुप के तहत बालक एवं बालिका वॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें सरगुजा संभाग के सभी जिलों की चयनित टीमें शामिल हुई। जिसमें बालक वर्ग में सूरजपुर जिले की टीम विजेता एवं बालिका टीम उप विजेता रही। बालिका कबड्डी में सूरजपुर के बालिकाओ ने फाईल मैच जीत कर खिताब अपने नाम किया।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202308020700086**

**विषयः-ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2022-2023**
**अम्बिकापुर प.ह.न. 00015 (हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-फेदलियुस कुजूर ,**
**अनावेदक पक्षकार- छ0ग0 शासन,**

**ईश्तहार**

आवेदक फैदलियुस कुजूर आ0 अल्फोंस कुजूर, निवासी बगीचा, तहसील बगीचा, जिला जशपुर छ0ग0 के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 4560, 4561 रकबा 0.372, 0.380 हे0 भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 15/09/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्त कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/08/2023 को जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार
सरगुजा (अम्बिकापुर)

# खबर बनाने को लेकर युवा पत्रकार से की गई मारपीट

-संवाददाता-
**कोरबा,28 अगस्त 2023, (घटती घटना)**




जिले में कार्यरत एक कंपनी के द्वारा गलत तरीके से कार्य निष्पादन को लेकर बनाई गई खबर पर उस कंपनी के गुंडानुमा लोगों ने कोरबा के नेहरूनगर वार्ड के कुआभट्ठा मार्ग पर पिछली रात एक पत्रकार को रोकने के साथ मारपीट कर कार को नुकसान पहुंचाया। फिर डेढ़ लाख नगदी, आई फ़ोन सहित 3 मोबाइल और सोने की चैन लूट लिया। मामले की रिपोर्ट मानिकपुर पुलिस चौकी में की गई है द्य मामला मानिकपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत नेहरू नगर वार्ड स्थित ब्राह्मण समाज के भवन के पास यह घटना शनिवार की रात घटित हुई। यहां लगभग एक दर्जन गुंडों ने एक न्यूज चैनल के पत्रकार उमेश यादव की कार रोककर लोहे की राड लाठी डंडे से मारपीट किया और बोल्डर से कार को काफी नुकसान पहुचाया। एक कंपनी में बाउंसर के तौर पर काम करने वाले गुंडो के द्वारा घटना के दौरान कहां गया कि हमारी कंपनी के खिलाफ खबर बनाओगे तो इसी प्रकार के परिणाम भुगतने होंगे। पेशेवर गुंडों के द्वारा पत्रकार से गाली गलौज और मारपीट की गई। इस घटना को अंजाम देने वाले गुंडो ने उमेश के गले से सोने की चैन, 2 महंगे मोबाइल और कार में रखे हुए 1लाख 52 हजार नगद लूट कर फरार हो गए। पूरी घटना के दौरान पत्रकार उमेश के मित्र आशुतोष यादव उनके साथ ही गाड़ी में सवार थे। जानकारी के अनुसार पुलिस ने इस मामले में धारा 397, 398 के तहत मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**न्यायालय नज़ूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0-202308021200... / अ-6/ 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुलदीप सिंह आ0 स्व0 दयाल सिंह,जाति सिख निवासी पुराना बस स्टैण्ड रोड, नगर अम्बिकापुर, जिला सरगुजा द0ग0 के द्वारा बताया गया कि शीट क्रमांक 08, मोहल्ला-अस्पताल रोड, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट 2808/2, 2811/4, 2812/5, 2823/8,2823/11, 2823/12 रकबा 0.15, 0.02, 0.03, 0.01, 0.001/2, 0.11 1/2 एकड़ भूमि आवेदक एवं अनावेदक नीलम सिंह, निकल सिंह आ0 स्व0 दयाल सिंह, निवासी-पुराना बस स्टैण्ड रोड, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ0ग0 के संयुक्त स्वामित्व की है। उक्त आवेदित भूमि में से अनावेदक नीलम सिंह निकल सिंह आ0 स्व0 दयाल सिंह निवासी पुराना बस स्टैण्ड रोड नगर अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा नजूल प्लॉट 2808/2, 2811/4, 2812/5, 2823/8, 2823/11, 2823/12 रकबा 0.15, 0.02, 0.03, 0.01, 0.001/2, 0.11 1/2 एकड़ भूमि को पंजीबद्ध हक त्याग पत्र पंजीयन दिनांक 31.07.2023 के द्वारा हक त्याग आवेदक के पक्ष में कर दिया है। पंजीबद्ध हक त्याग पत्र पंजीयन दिनांक 31.07.2023 के आधार पर अनावेदक का नाम विलोपित किये जाने बावत् आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109, 110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा,/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-20/09/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा,/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-28/08/2023 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

नज़ूल अधिकारी
अम्बिकापुर

# जेवलिन थ्रो फाइनल में भारत बनाम पाकिस्तान जैसे मुकाबले पर नीरज चोपड़ा का बयान

**नई दिल्ली,28 अगस्त 2023।** वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में नीरज चोपड़ा ने इतिहास रचते हुए गोल्ड मेडल जीता है। वो एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं।

भारतीय जेवलिन थ्रो को दुनिया के पटल पर अलग मुकाम पर पहुंचाने वाले नीरज चोपड़ा को एक और कामयाबी मिली है। दरअसल, वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में नीरज चोपड़ा ने इतिहास रचते हुए गोल्ड मेडल जीता है। वो एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। जहां नीरज पोडियम पर टॉप पर रहे वहीं पाकिस्तान के अरशद नदीम ने दूसरा स्थान हासिल किया और सिल्वर अपने नाम किया। इवेंट के बाद नीरज ने बताया कि पुरुषों के जेवलिन थ्रो फाइनल को किस तरह से देखा जाता था। खासकर घर में, इस प्रतियोगिता को भारत और पाकिस्तान के बीच लड़ाई करार दिया गया था। नीरज और अरशद काफी समय से एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। जब भी दोनों एक साथ मैदान पर







उतरे हैं भारतीय एथलीट ही टॉप पर रहे हैं। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी यही मामला जहां फाइनल में 88.17 मीटर के थ्रो के साथ नीरज विजयी हुए वहीं नदीम 87.82 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे नंबर पर रहे। नीरज ने कार्यक्रम के बाद इंडियन एक्सप्रेस के हवाले से कहा कि, मैं प्रतियोगिता से पहले अपने मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल नहीं करता हूं लेकिन आज मैंने इसे देखा और पहली बात भारत बनाम पाकिस्तान थी लेकिन अगर आप देखें तो यूरोपीय एथलीट बहुत खतरनाक हैं और किसी भी समय वे एक बड़ा थ्रो कर सकते हैं। सिर्फ इतना ही नहीं अरशद, जैकब और जूलियन वेब हैं। इसलिए आखिरी थ्रो तक आपको अन्य थ्रोअर के बारे में सोचते रहना होगा लेकिन बात ये है कि घर पर भारत बनाम पाकिस्तान की तुलना होगी।

एशियाई खेल अगला बड़ा आयोजन है जिसमें नदीम और नीरज भाग लेंगे। नीरज ने स्वीकारा है कि महाद्वीपीय आयोजन में भारत बनाम पाकिस्तान की चर्चा ज्यादा होगी। उन्होंने कहा, ÷मुझे लगता है कि एशियाई खेलों में भारत बनाम पाकिस्तान के बारे में ज्यादा चर्चा होगी। लेकिन मैं निश्चित और स्वस्थ रहूंगा।

नीरज ने साथ ही ये भी कहा कि, अरशद को दूसरे स्थान पर देखकर काफी खुशी हो रही है। ये स्वीकार करते हुए कि भारत और पाकिस्तान दोनों उस प्रतियोगिता में कितने आगे आ गए हैं। जिसमें पारंपरिक रूप से यूरोपीय देशों का वर्चस्व था। उन्होंने कहा कि मुझे अच्छा लगा कि अरशद ने अच्छा थ्रो किया और हमने चर्चा की कि हमारे दोनों देश अब कैसे आगे बढ़ रहे हैं। पहले यूरोपीय एथलीट थे लेकिन अब हम उनके स्तर पर पहुंच चुके हैं।




## एशियाई हॉकी 5 में भारत अपने अभियान की शुरुआत बांग्लादेश के खिलाफ करेगा

**नई दिल्ली,28 अगस्त 2023।** भारतीय पुरुष टीम ओमान के सालालाह में एशियाई हॉकी 5 विश्व कप क्वालीफायर में अपने अभियान की शुरुआत मंगलवार को बांग्लादेश के खिलाफ करेगी। भारत एलीट पूल में मलेशिया, पाकिस्तान, जापान, ओमान और बांग्लादेश के साथ है जबकि चैलेंजर्स पूल में हांगकांग, चीन, इंडोनेशिया, अफगानिस्तान, कजाखस्तान और ईरान शामिल हैं।

बांग्लादेश के खिलाफ अभियान शुरु करने के बाद भारत का सामना ओमान से होगा। फिर टीम 30 अगस्त को ओमान और पाकिस्तान से भिड़ेगी जबकि 31 अगस्त को मलेशिया और जापान के सामने होगी।

भारत को 2024 एफआईएच हॉकी फाइव्स विश्व कप में जगह बनाने के लिए शीर्ष तीन में रहना होगा। अगले साल इस वैश्विक टूर्नामेंट में कुल 16 देश हिस्सा लेंगे। भारतीय हॉकी टीम के कप्तान मंदीप मोर ने प्रतिस्पर्धा की महत्ता पर जोर देते हुए कहा, ''हर खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ा सपना विश्व कप में देश का प्रतिनिधित्व करने का होता है। यह हमारे लिए महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है और हम 2024 एफआईएच हॉकी फाइव्स विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करना चाहते हैं ताकि हमें बड़े मंच पर खेलने का मौका मिले।

## एशिया कप 2023 में इस स्क्वॉयड के साथ उतरेगी अफगानिस्तान की टीम

### हशमतुल्लाह शाहिदी के हाथ में होगी कमान

**करांची,28 अगस्त 2023।** पाकिस्तान और अफतानिस्तान के बीच खेली गई तीन मैचों की सीरीज में पाकिस्तान से क्लीन स्वीप होने के बाद अफगानिस्तान की टीम ने एशिया कप के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। अफतानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एशिया कप के लिए टीम की घोषणा की है।




पाकिस्तान में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए 17 सदस्यीय टीम के लिए अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टीम की घोषणा की है। इस टीम का नेतृत्व हशमतुल्लाह शाहिदी के हाथों में होगा। एशिया कप की टीम का ऐलान ऐसे समय में किया है जब अफगानिस्तान ने 14 वर्षों में 150 वनडे मुकाबले खेलने की उपलब्धि हासिल कर ली है।

बता दें कि अफगानिस्तान की टीम ने वनडे क्रिकेट फॉर्मेट में 150 मैच खेलने की उपलब्धि हासिल की है। अफगानिस्तान की टीम ने पहला मैच 2009 में स्कॉटलैंड के खिलाफ खेला था। ये मुकाबला विश्व कप क्वालीफायर मुकाबला था जिसमें उसे जीत मिली थी।

गौरतलब है कि एशिया कप 2023 का आगाज 30 अगस्त से होने वाला है। एशिया कप के इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 17 सितंबर को होना है। अफगानिस्तान टूर्नामेंट में अपना पहला मैच तीन सितंबर को बांग्लादेश के खिलाफ खेलने उतरेगी। इस टूर्नामेंट के लिए टीम के हौंसले पूरी तरह से बुलंद है।

इन खिलाड़ियों को मिली जगह

रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, रियाज हसन, रहमत शाह, हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद नबी, आई अलीखेल, राशिद खान, गुलबदीन नैब, करीम जनात, अब्दुल रहमान, एस अशरफ, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, एस सफी और फजलहक फारूकी

### एशिया कप 2023 का शेड्यूल

| | |
|---|---|
| 30 अगस्त | पाकिस्तान बनाम नेपाल, मुल्तान |
| 31 अगस्त | बांग्लादेश बनाम श्रीलंका, कैंडी |
| 2 सितंबर | पाकिस्तान बनाम भारत, कैंडी |
| 4 सितंबर | भारत बनाम नेपाल, कैंडी |
| 5 सितंबर | अफगानिस्तान बनाम श्रीलंका, लाहौर |

### सुपर 4 के मुकाबलों का ये है शेड्यूल

| | |
|---|---|
| 6 सितंबर | ए1 व्ही/एस बी2, लाहौर |
| 9 सितंबर | बी1 व्ही/एस बी2, कोलंबो |
| 10 सितंबर | ए1 व्ही/एस ए2, कोलंबो |
| 12 सितंबर | ए2 व्ही/एस बी1, कोलंबो |
| 14 सितंबर | ए1 व्ही/एस बी1, कोलंबो |
| 15 सितंबर | ए2 व्ही/एस बी2, कोलंबो |
| 17 सितंबर | फाइनल,कोलंबो |

## रोहित शर्मा का आखिरी वनडे वर्ल्ड कप?

### कहा-अगले दो महीने में इस टीम के साथ यादें बनाना चाहता हूं

**नई दिल्ली,28 अगस्त 2023।** रोहित शर्मा घरेलू विश्व कप से जुड़े भारी दबाव को समझते हैं लेकिन भारतीय कप्तान खुद को बाहरी बातों से दूर रखना चाहते हैं क्योंकि वह एक दशक में देश के लिए पहली आईसीसी ट्रॉफी जीतने की कठिन यात्रा पर निकल रहे हैं। भारत के 36 वर्षीय कप्तान के कंधों पर एक अरब से अधिक लोगों की उम्मीदों का बोझ है और उन्हें पता है कि पांच अक्टूबर को अहमदाबाद में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले के साथ शुरू हो रहे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप में क्या दांव पर लगा है।

बेंगलुरू में एशिया कप के शिविर से जुड़ने से पहले रोहित ने पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा, ''मेरे लिए यह महत्वपूर्ण है कि मैं खुद को सहज रखूं और उन बाहरी तत्वों के बारे में चिंता नहीं करूं जो सकारात्मक या नकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं।'' उन्होंने कहा, ''मैं उस चरण में जाना चाहता हूं जिसमें मैं 2019 विश्व कप से पहले था।''

पिछले टूर्नामेंट में अभूतपूर्व पांच शतक के साथ 648 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे रोहित ने कहा, ''मैं मानसिक रूप से काफी अच्छी स्थिति में था और टूर्नामेंट के लिए काफी अच्छी तैयारी की थी।''

उन्होंने कहा, ''मैं अच्छी लय, मानसिकता में था। मैं इसे वापस लाना चाहता हूं और मेरे पास ऐसा करने के लिए समय है। उन सही चीजों को दोहराने की कोशिश कर रहा हूं जो एक क्रिकेटर और एक व्यक्ति के रूप में 2019 विश्व कप से पहले मैं कर रहा था।'' विश्व कप का नतीजा काफी चीजें बदल सकता है लेकिन रोहित ने कहा कि एक महीने का क्रिकेट जो खिलाड़ी वह हैं उसे बना या बिगाड़ नहीं सकता। भारतीय कप्तान ने कहा, ''एक व्यक्ति अपनी सफलता या विफलता से रातों रात बदल नहीं सकता। '' उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि एक नतीजा या एक चैंपियनशिप एक व्यक्ति के रूप में मुझे बदल सकती है। मैं एक व्यक्ति के रूप में पिछले 16 साल में नहीं बदला हूं। मुझे नहीं लगता कि इसमें किसी बदलाव की जरूरत है।''




रोहित ने कहा, ''ध्यान इस पर रहेगा कि अगले दो महीनों मैं अपने और टीम के लिए अपने लक्ष्यों को कैसे हासिल कर सकता हूं। कोई व्यक्ति एक या दो महीने में बदल नहीं सकता।''

रोहित ने इंडियन प्रीमियर लीग टीम मुंबई इंडियन्स के कप्तान के रूप में पांच खिताब जीते हैं जबकि भारतीय कप्तान के रूप में उन्होंने 2018 में एशिया कप खिताब जीता। इस साल जून में उनकी अगुआई में टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी खेली। यह पूछने पर कि क्या 16 साल तक खेलने के बाद वह भारतीय क्रिकेट में अपनी विरासत के बारे में सोचते हैं, रोहित ने कहा, ''नहीं। मैं वह व्यक्ति नहीं हूं जो यह सोचता हो कि मैं अपने पीछे किस तरह की विरासत छोड़ूंगा। मेरी विरासत लोगों के मूल्यांकन और चर्चा के लिए होगी। मेरे कहने के लिए नहीं।''

रोहित ने 30 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय, 10 टेस्ट और चार टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक की मदद से 17000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाए हैं। उन्होंने कहा, ''मैं संख्या में अधिक विश्वास नहीं रखता। आपको खुद रहना चाहिए और आने वाले समय का लुत्फ उठाना चाहिए। इस तरह के लम्हें में रहने का प्रयास करो। मैं इस बारे में सोच रहा कि मुझे किस चीज से खुशी मिलेगी।''

रोहित के सामने अब कोर समूह में शामिल 18 खिलाड़ियों में से कम से कम तीन को यह कहने की मुश्किल चुनौती है कि वे विश्व की 15 सदस्यीय टीम का हिस्सा नहीं होंगे। रोहित जब 23 साल के थे तो उन्हें भी 2011 की विश्व कप चैंपियन टीम में जगह नहीं मिली थी। टीम में नहीं होने की पीड़ा को उनसे बेहतर कोई नहीं जान सकता। उन्होंने कहा, ''सर्वश्रेष्ठ संयोजन चुनते हुए ऐसे खिलाड़ी होंगे जो विभिन्न कारणों से टीम में जगह नहीं बना पाएंगे और राहुल भाई (द्रविड़) और मैंने खिलाड़ियों को समझाने का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है कि वे टीम का हिस्सा क्यों नहीं हैं।''

उन्होंने कहा, ''कभी-कभी मैं उनकी जगह स्वयं का रखने की कोशिश करता हूं। जब मुझे 2011 में नहीं चुना गया था, यह मेरे लिए दिल तोड़ने वाला लम्हा था और मुझे पता है कि विश्व कप टीम से बाहर होने के बाद कैसा लगता है।'' रोहित को यह स्वीकार करने में कोई समस्या नहीं है कि कभी-कभी उनके और द्रविड़ के फैसले गलत भी हो सकते हैं। उन्होंने कहा, ''मैं, कोच और चयनकर्ता सभी पहलुओं पर ध्यान देते हैं, जैसे विरोधी टीम, सतह, हमारा मजबूत पक्ष, उनकी कमजोरियां और फिर सहमति बनाते हैं। पूरी संभावना है कि हम हर समय परफेक्ट नहीं हों।''

भारतीय कप्तान ने कहा, ''अंत में कुछ व्यक्ति फैसला करते हैं और इंसान के रूप में हम गलतियां कर सकते हैं। हम हमेशा सही नहीं होंगे।'' विश्व कप 2011 की टीम में जगह नहीं मिलने के बाद किसने उन्हें सांत्वना दी थी यह पूछे जाने पर रोहित ने कहा, ''मैं दुखी था और अपने कमरे में बैठा था। मुझे याद है कि युवी (युवराज सिंह) ने मुझे अपने कमरे में बुलाया और मुझे डिनर पर ले गया।'' उन्होंने कहा, ''उन्होंने मुझे बताया कि टीम में जगह नहीं मिलने पर कैसा महसूस होता है। उन्होंने मुझे कहा, 'सर्वश्रेष्ठ चीज यह है कि तुम्हारे सामने इतने वर्ष पड़े हैं।' जब हम इस विश्व कप में खेलेंगे तो तुम इस मौके का इस्तेमाल अपने खेल और कौशल पर कड़ी मेहनत करने और टीम में वापसी करने के लिए कर सकते हो। ऐसा कोई कारण नहीं है कि तुम भारत के लिए नहीं खेलो या तुम्हें विश्व कप में खेलने का मौका नहीं मिले।'' तब 2011 में कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और चनकर्ताओं ने सोचा था कि अतिरिक्त बल्लेबाज से अधिक उपयोगी पीयूष चावला के रूप में कलाई का अतिरिक्त स्पिनर होगा। वर्षों से अगर कोई शॉट रोहित की पहचान बना है तो वह पुल शॉट है जिसे खेलने में उन्हें सफलता मिलती है लेकिन कई बार उन्हें इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ता है।

रोहित ने पूछा गया कि उन्हें थ्रोडाउन विशेषज्ञों के खिलाफ नेट पर पुल शॉट का कितना अभ्यास किया तो उन्होंने कहा, ''उस शॉट को खेलने के लिए मुझे कोई विशेष प्रशिक्षण नहीं लेना पड़ता।'' उन्होंने तीन सहयोगी स्टाफ सदस्यों का जिक्र करते हुए कहा, ''रघु (राघवेंद्र), नुवान (सेनाविरत्ने) और दया (गरानी) सभी हाल के वर्षों में टीम से जुड़े हैं और मैं लंबे समय से यह शॉट खेल रहा हूं।''

रोहित ने कहा, ''मैंने अंडर-17 और अंडर-19 दिनों से इस शॉट पर काम किया है। अब मैं प्रशिक्षण के दौरान विशेष रूप से इस शॉट का अभ्यास नहीं करता हूं। अगर मुझे लगता है कि गेंद शॉर्ट पिच हुई है, तो मैं पुल खेलता हूं।




## सालार में होगा यश का धांसू कैमियो

केजीएफ की दो कडियों से पूरे भारत में अपनी अलग पहचाने बनाने वाले अभिनेता यश इन दिनो नितेश तिवारी द्वारा बनाई जाने वाली फिल्म रामायण को लेकर चर्चाओं में हैं। बताया जा रहा है कि तिवारी ने यश को इस फिल्म में रावण की भूमिका निभाने के लिए सम्पर्क किया। इन यश का लुक टेस्ट किया जा रहा है। हालांकि अभी तक यह आधिकारिक नहीं हो पाया है कि यश रावण बनेंगे या नहीं। लेकिन अब यश को लेकर जो चर्चा हो रही है वह यह है कि केजीएफ निर्देशक प्रशांत नील उन्हें अपनी अगली फिल्म सालार में कैमियो भूमिका में लेकर आने वाले हैं। जिस वक्त से इस मूवी का ऐलान हुआ था, तभी से चर्चा है कि ये मूवी निर्देशक प्रशांत नील के केजीएफ यूनिवर्स का हिस्सा होगा। अब इन खबरों को और पुख्ता करते हुए सामने आई ताजा जानकारी भी कुछ यही इशारा दे रही है। रिपोर्ट की मानें तो फिल्म स्टार प्रभास के साथ सालार में सुपरस्टार यश भी नजर आने वाले हैं। मिली जानकारी के मुताबिक इस मूवी में प्रभास के साथ यश की धांसू एंट्री होगी। वो इस फिल्म में एक दमदार कैमियो करते दिखेंगे। जानकारी के मुताबिक सालार में यश का 5 मिनट का कैमियो होगा। जो केजीएफ 2 और सालार की दुनिया को मिलाने का काम करेगा। याद दिला दें कि सालार की मुहूर्त पूजा के दौरान भी प्रभास के साथ निर्देशक प्रशांत नील की पिछली फिल्म केजीएफ सीरीज के हीरो यश भी पहुंचे थे। इस दौरान यश और प्रभास ने मिलकर तस्वीरें भी क्लिक करवाई थी। तभी से फैंस के बीच इन दोनों सितारों को ऑन स्क्रीन देखने का उत्साह बना हुआ है। अगर ये रिपोर्ट्स सही निकलती हैं तो यश और प्रभास एक साथ सिल्वर स्क्रीन पर तबाही मचाते दिखेंगे।

फिल्म स्टार यश ने केजीएफ 2 जैसी ब्लॉकबस्टर मूवी देने के बाद अभी तक अपनी अगली फिल्म का ऐलान नहीं किया है। जिसकी वजह से फैंस में यश की अगली फिल्म को लेकर उत्सुकता बनी हुई है। यश की अगली फिल्मों को लेकर कई तरह की रिपोर्ट्स आई हैं मगर किसी पर भी आधिकारिक मुहर नहीं लगी है।

## मिस शेट्टी मिस्टर पॉलीशेट्टी का ट्रेलर अब आ गया है!




मिस शेट्टी मिस्टर पॉलीशेट्टी का बहुप्रतीक्षित नाटकीय ट्रेलर आखिरकार ऑनलाइन मंच पर पहुंच गया है, जिसमें कुशल अभिनेत्री अनुष्का शेट्टी और होनहार प्रतिभा नवीन पॉलीशेट्टी की आकर्षक जोड़ी को पेश किया गया है। महेश बाबू पी द्वारा निर्देशित, यह रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा अपार संभावनाएं रखता है।

ट्रेलर में, नवीन पॉलीशेट्टी एक स्टैंड-अप कॉमेडियन सिद्धू की भूमिका निभाते हैं, जबकि अनुष्का शेट्टी एक कुशल मास्टर शेफ अन्विता के रूप में चमकती हैं। अन्विता का सिद्धू को अपरंपरागत प्रस्ताव, जिसमें बिना शादी के माता-पिता बनने का सुझाव दिया गया है, उसे परेशान कर देता है। जैसे-जैसे कहानी अपने दिलचस्प आधार के साथ सामने आती है, यह बड़े पर्दे पर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने का वादा करती है। एक महत्वपूर्ण अंतराल के बाद अनुष्का शेट्टी की वापसी नया उत्साह लाती है, और नवीन पॉलीशेट्टी की हास्य शैली चमकती है। अनुष्का की सदाबहार सुंदरता और निडर आचरण, एक आकर्षक संगीतमय स्कोर के साथ, ट्रेलर के आकर्षण को बढ़ाता है। फिल्म में प्रभावशाली सहायक कलाकार हैं, जिनमें मुरली शर्मा, तुलसी, जयसुधा, भद्रम, नासर, अभिनव गोमतम और अन्य शामिल हैं, जो इस यूवी प्रोडक्शंस उद्यम में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

## इंग्लिश विंग्लिश की बाल अभिनेत्री नविका कोटिया क्योंकि...सास मां, बहू बेटी होती है में आएंगी नजर

2012 की फिल्म इंग्लिश विंग्लिश में श्रीदेवी की बेटी की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री नविका कोटिया आगामी टेलीविजन शो क्योंकि... सास मां, बहू बेटी होती है में केसर की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं।

उनके किरदार को निर्माताओं ने महत्वाकांक्षी बताया है लेकिन वह जानती हैं कि अपने परिवार के सपनों के साथ-साथ अपने सपनों को कैसे संतुलित करना है। उसका कभी हार न मानने वाला रवैया है।



शो के बारे में बात करते हुए नाविका ने कहा, मैं इतने प्रगतिशील शो क्योंकि...सास मां, बहू बेटी होती है में केसर के रूप में अपनी पहली मुख्य भूमिका पाकर रोमांचित हूं। मेरा किरदार केसर एक ऐसा व्यक्ति है जो जानता है कि उसे कैसे संतुलित करना है। जब बात परिवार और करियर की आती है तो मैं उनके कभी हार न मानने वाले रवैये को दृढ़ता से पहचानता हूं क्योंकि यह जीवन के प्रति मेरे अपने दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है।कहानी दर्शकों को गुजरात ले जाती है जहां एक जीवंत नवरात्रि उत्सव के बीच, सूरत के राजगौर परिवार के भीतर एक तूफ़ान शुरू हो जाता है जब सबसे छोटी बहू - हेतल एक बहू की पारंपरिक भूमिका को चुनौती देते हुए अलग होने की मांग करती है। घटनाओं के इस अप्रत्याशित मोड़ ने राजगौर राजवंश की सबसे बड़ी बहू और कुलमाता अंबिका को तबाह कर दिया है क्योंकि परिवार को एक साथ रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है।

अपनी भाभी हेतल की इस धारणा को गलत साबित करने की तीव्र इच्छा के साथ कि सास कभी माँ, और बहू कभी बेटी नहीं बन सकती, अंबिका ने एक ऐतिहासिक निर्णय में, अपने परिवार के अनाथालय के दरवाजे पर छोड़े गए एक बच्चे, केसर को गोद ले लिया। और उसे बड़ा करने की कसम खाता है - एक बेटी के रूप में नहीं बल्कि एक बहू के रूप में।

अभिनेत्री ने आगे उल्लेख किया॰ एक बार जब मैंने स्क्रिप्ट और चरित्र विवरण के बारे में सीखा, तो मुझे एहसास हुआ कि यह वही है जिसकी मैं तलाश कर रही थी। स्क्रिप्ट वास्तव में आकर्षक है, और कलाकार और चालक दल बहुत प्रतिभाशाली हैं। मैं इसे शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित हूं इस महाकाव्य यात्रा पर, और मैं वास्तव में ऐसे कलाकारों के समूह का हिस्सा बनकर धन्य महसूस करता हूं।

CMYK

## लगातार हो रही ईडी और आईटी की छापेमारी को लेकर

# कांग्रेसियों ने ईडी कार्यालय का किया घेराव

### ईडी दफ्तर के सामने डटे कांग्रेसी : गाजे-बाजे के साथ केंद्र सरकार के खिलाफ कर रहे प्रदर्शन

**रायपुर,28अगस्त 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में लगातार हो रही ईडी और आईटी की छापेमारी को लेकर सोमवार को कांग्रेसियों ने रायपुर स्थित ईडी कार्यालय का घेराव किया है। कांग्रेस के सैकड़ों नेता और कार्यकर्ता ईडी दफ्तर के बाहर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेसी गाजे-बाजे के साथ ईडी कार्यालय पहुंचे हैं।

धरना प्रदर्शन के लिए ईडी कार्यालय के बाहर टेंट लगाया गया है। चर्चा यह है कि अंदर ईडी कांग्रेस के कुछ नेताओं से पूछताछ कर रही है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है। इस बीच सूत्र बता रहे हैं कि ईडी ने पिछले सप्ताह जिन लोगों के यहां छापा मारा था, उनमें से कुछ को पूछताछ के लिए तलब किया है।



### रमन सरकार में हुए घोटालों को लेकर ईडी को कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ में ईडी कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेसियों ने ईडी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और रमन सरकार में हुए घोटालों की जांच की मांग की. विधायक कुलदीप जुनेजा, महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, सहकारिता बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने ढोल नंगाड़ों के साथ भाजपा के खिलाफ की नारेबाजी की. वहीं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश दुबे के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया.

कांग्रेस प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के खिलाफ भाजपा ने सेंट्रल एजेंसियों को उतारा है. सरकार के कामकाज और मुख्यमंत्री की लोकप्रियता से घबराई भाजपा दबाव बनाने का प्रयास कर रही है. प्रदेश के निर्वाचित नेता, कारोबारी के बाद अब किसी भी स्तर के लोगों पर ईडी दबाव बना रही है, लेकिन भाजपा के कार्यकाल में हुए हजारों करोड़ के घोटालों की जांच नहीं की जा रही है. इसके विरोध में हम एकजुट होकर ईडी को ज्ञापन सौंपने आए हैं. इससे कांग्रेस को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है. आगामी चुनाव में कांग्रेस 75 पार के नारे के साथ चुनाव जीतकर आने वाली है.





## ईडी ने मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार से की पूछताछ

**रायपुर,28अगस्त 2023(ए)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ऑनलाइन जुआ ऐप महादेव बुक से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा से पूछताछ की है।

सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने मामले के संबंध में पूछताछ के लिए भूपेश बघेल के ओएसडी (ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी) मनीष बंछोर और आशीष वर्मा को बुलाया है। ईडी ने हाल ही में इस मामले में छत्तीसगढ़ पुलिस के सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) चंद्रभूषण वर्मा, व्यवसायी सतीश चंद्राकर, हवाला ऑपरेटर अनिल दम्मानी और सुनील दम्मानी को गिरफ्तार किया था। उनसे पूछताछ और हाल की छापेमारी में ईडी को मिले कुछ सबूतों के आधार पर आशीष वर्मा से पूछताछ की जा रही है।

इस मामले में ईडी पाकिस्तान और दुबई से जुड़े कथित संबंधों की जांच कर रही है। एजेंसी ने छत्तीसगढ़ पुलिस की दर्ज एफआईआर के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जांच शुरू की। विशाखापत्तनम पुलिस (आंध्र प्रदेश) और अन्य राज्यों में दर्ज एफआईआर को भी ध्यान में रखा गया। महादेव ऑनलाइन बुक मामले में ईडी की जांच से पता चला है कि यह प्लेटफॉर्म पोकर, कार्ड गेम, चांस गेम, क्रिकेट, बैडमिंटन, टेनिस, फुटबॉल सहित विभिन्न लाइव गेम्स में अवैध सट्टेबाजी के लिए ऑनलाइन मदद देता है।

यह प्लेटफॉर्म कार्ड का उपयोग करके तीन पत्ती, पोकर, ड्रैगन टाइगर और वर्चुअल क्रिकेट जैसे कार्ड गेम खेलने की सुविधा भी देता है। इसके अतिरिक्त प्लेटफॉर्म यूजर्स को भारत में विभिन्न चुनावों पर दांव लगाने की छूट देता है। महादेव ऑनलाइन बुक के मुख्य प्रमोटर भिलाई, छत्तीसगढ़ के सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल दुबई से अपनी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं।

## रायपुर में होगा आर्ट,लिट्रेचर और फिल्म फेस्टिवल का आयोजन

### एक्ट्रेस अमीषा पटेल भी होंगी शामिल, सीएम भूपेश होंगे मुख्य अतिथि





**रायपुर,28अगस्त 2023(ए)।** शहर में एक बार फिर 3 से 5 सितंबर तक आर्ट, लिट्रेचर एंड फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है. कार्यक्रम के समापन समारोह और अवार्ड सेरेमनी में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि होंगे.

वहीं बॉलीवुड अदाकारा अमीषा पटेल बतौर विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगी.

फेस्टिवल के डायरेक्टर कुणाल शुक्ला ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशा अनुरुप प्रदेश में फिल्म और कला के लिए अनेक प्रयास किये जा रहे हैं. इसी कड़ी में एक बार फिर रायपुर आर्ट, लिट्रेचर एंड फिल्म फेस्टिवल इतिहास रचने जा रहा है. उन्होंने बताया कि 5 सितम्बर को कार्यक्रम के समापन समारोह और अवार्ड सेरेमनी में सीएम भूपेश बघेल और बॉलीवुड अदाकारा अमीषा पटेल शामिल होंगी.

बता दें कि छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग और छत्तीसगढ़ टूरिज़्म बोर्ड के सहयोग से नेचर फ्रेंड्स सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन और एके एसोसिट्स द्वारा रायपुर में 3 से 5 सितंबर तक आर्ट, लिट्रेरेचर एंड फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा. ये आयोजन का दूसरा साल है.

## आप महिला विंग का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

### महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधिक घटनाओं पर चिंता जाहिर कर की जमकर नारेबाजी

**रायपुर,28अगस्त2023(ए)।** आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ महिला विंग ने ईदगाह भाठा मैदान से सप्रे शाला मैदान तक रैली निकालकर महिलाओं के साथ लैंगिक हिंसा के विरुद्ध अपना रोष दर्ज कराया. महिला विंग प्रदेशाध्यक्ष दुर्गा झा और जिलाध्यक्ष कलावती मार्को के नेतृत्व में निकाली गई रैली में प्रदेश भर से आई विंग की महिला कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।




महिला विंग प्रदेशाध्यक्ष दुर्गा झा ने कहा कि, प्रदेश में धड़ल्ले से महिलाओं के प्रति हो रही विभिन्न प्रकार की हिंसा जैसे भ्रूण हत्या, शिक्षा से वंचित रखना, आर्थिक हिंसा, घरेलू हिंसा, मनोवैज्ञानिक हिंसा, दहेज प्रथा, आदि विषयों आदि के खिलाफ हमनें प्रदेश भर की महिलाओं की हक में आवाज उठाया है. महिलाओं के उत्पीड़न का कोई मामला संज्ञान में आता है. तो सरकार और प्रसाशन दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई नहीं करती है, जिससे लैंगिक हिंसा को बढ़ावा मिलता है। आम आदमी पार्टी महिला विंग की रायपुर जिलाध्यक्ष कलावती मार्को ने कहा कि, महिलाओं को समाज में सम्मान व समानता दिलाने के लिए बने कानूनों का प्रचार प्रसार व क्रियान्वयन जरूरी है. ज्यादातर महिलाएं कुप्रथाओं के कारण हिंसा का शिकार हो रही है. कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ हिंसा की रोकथाम के लिए शिकायत समितियां गठित करने, यौन हिंसा व दुष्कर्म में जोड़ी धाराओं का क्रियान्वयन संबंधी कानून को प्रदेश में सख्ती से पालन करने की आवश्यकता है. इस पर न तो बीजेपी और न ही कांग्रेस ने काम किया है, जिससे प्रदेश की हालत बद्तर हो गई है.



## छात्रों को अब देना होगा सिर्फ मंथली टेस्ट

**रायपुर,28अगस्त2023(ए)।** जिले में बॉर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों की स्थिति में सुधार करने के लिए शासन ने मंथली टेस्ट लेने का फैसला लिया है। रायपुर में 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में सुधार देखने को नहीं मिल रहा है। जिसके कारण शिक्षा विभाग ने मंथली टेस्ट लेने का फैसला लिया है। बता दे कि, अभी स्कूलों में सप्ताह में सिर्फ एक दिन ही टेस्ट लिया जा रहा है। जिसे खत्म करके अब महीने भर में हुई पूरी पढ़ाई का सिर्फ एक टेस्ट लिया जाएगा। रायपुर जिले से प्रत्येक वर्ष 50 हजार 10वीं और 12वीं के छात्र बोर्ड की परीक्षा देते है। इसलिए 'पायलट प्रोजेक्ट' के तहत इस योजना के शुरुआत के लिए रायपुर जिले को चुना गया है। दरअसल, छत्तीसगढ़ की शिक्षा विभाग के अनुसार रायपुर के बोर्ड एग्जाम का रिजल्ट बाकि अन्य जिलों की तरह में कमजोर आया है। इसलिए भी 'पायलट योजना' की शुरुआत के लिए रायपुर को चुना गया है। आकंड़ो के मुताबिक 2022 में 10वीं सीजी बोर्ड का रिजल्ट 74.23 जिसमें रायपुर जिले का 67.96 प्रतिशत रिजल्ट था। वहीं छत्तीसगढ़ में मेरिट लिस्ट की बात करे तो उसमें भी छात्रों की संख्या में भारी कमी थी। इसके वजह से पिछले साल वीकली टेस्ट लेने का फैसला लिया गया था। जिससे 2023 में दसवीं का रिजल्ट बढ़कर 75.05 आया था। इस वर्ष भी रायपुर जिले का बोर्ड रिजल्ट औसत से कम आया था। जिसके बाद मंथली टेस्ट शुरुआत करने का फैसला लिया गया है।

### सभी जिलों में होगा एक जैसा प्रश्नपत्र

शिक्षा विभाग के अफसरों ने बताया कि, वीकली टेस्ट सभी कक्षाओं के लिए चलते रहेंगे। जहां तक मंथली टेस्ट के पेपर का सवाल है, यह जिला स्तर पर तैयार किए जा रहे हैं। मंथली टेस्ट यह पता चलेगा कि, छात्र महीने भर में कितनी पढ़ाई किए है, उनकी समझ कितनी विकसित हुई है, साथ उसके बाकि विषयों में प्रदर्शन भी पता चलेगा। शिक्षकों का कहना है कि बार-बार टेस्ट लेने से छात्र की रूटीन पढ़ाई भी प्रभावित होती है।

## राहुल गांधी का छत्तीसगढ़ आगमन 2 सितम्बर को



**रायपुर,28अगस्त2023(ए)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 2 सितंबर को रायपुर आ रहे हैं। वे यहां आयोजित युवा सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सीएम भूपेश बघेल ने पुलिस लाइन हैलीपैड पर मीडिया से चर्चा में इसकी जानकारी दी।

### सट्टा एप का कोई ऑफिस रायपुर में नहीं

सीएम भूपेश बघेल ने महादेव सट्टा ऐप, ईडी को लेकर भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में ऑनलाइन सट्टा ऐप का कोई ऑफिस नहीं। छत्तीसगढ़ में इस मामले लगातार में कार्रवाई जारी है। 72 मामले अब तक दर्ज किए जा चुके हैं। राज्य सरकार की ओर से इस मामले भरपूर कार्रवाई हुई है। छत्तीसगढ़ में जितनी कार्रवाई सट्टे के खिलाफ हुई, देश में और कहीं नहीं हुई है। 400 से अधिक लोगों की इस मामले में गिरफ्तारी हो चुकी है।

### राज्य सरकार को अपदस्थ करने की कोशिश

भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में राजनीतिक लाभ लेने के लिए भाजपा ईडी का सहारा ले रही है। छत्तीसगढ़ में कानून का राज है। भाजपा को हिंसा पसंद है। राज्य के खदानों को अडानी के हवाले किया जा रहा है। केंद्र सरकार इसी के मद्देनजर छत्तीसगढ़ में षड्यंत्र कर रही है। आगे भूपेश बघेल ने कहा, ईडी के सहारे छत्तीसगढ़ सरकार को बदनाम करने की कोशिश हो रही है। राज्य सरकार को अपदस्थ करने की कोशिश की जा रही है।

## कांग्रेस में कई पुराने चेहरे हो सकते हैं रिपीट,तो बस्तर से इनका कट सकता है टिकट

**रायपुर,28अगस्त2023(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में दोनों ही बड़ी पार्टियां समय से पहले ही प्रत्याशियों की घोषणा कर रही है। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने पहले बाजी मारते हुए 21 प्रत्याशियों की लिस्ट कांग्रेस से पहले जारी कर सबको चौका दिया।

ऐसे में कांग्रेसी खेमें में भी टिकट का जोड़तोड़ तेजी से जारी है। सूत्रों से ऐसी जानकारी मिल रही है कि रक्षाबंधन के बाद कांग्रेस और भाजपा दोनों ही प्रत्याशियों की लिस्ट जारी कर सकती है।

2 सितंबर को राहुल गांधी का छत्तीसगढ़ दौरा है। 3 सितंबर को 3-3 नामों का पैनल बन जाएगा। 4 और 5 सितंबर को अजय माकन की मौजूदगी में छानबीन समिति नामों पर चर्चा करेगी। हालांकि अंदर खेमे से खबर आ रही है कि नाम पहले ही तय किए जा चुके हैं।



सूत्रों से ऐसी भी खबरें है कि कांग्रेस पार्टी किसी प्रकार का विवाद नहीं चाहती है ऐसे में कई पुराने चेहरों को रिपीट किया जा सकता है।

वहीं खबर यह भी आ रही है कि कांग्रेस बस्तर के 12 विधायकों में से 3 के टिकट काट सकती है। कांग्रेस की पहली सूची में छत्तीसगढ़ के 45 नामों का ऐलान हो सकता है।

आपको बता दें कि भारतीय जनता पार्टी ने पहले ही 21 में से 16 नए प्रत्याशियों को मौका देकर देकर अपनी मंशा साफ कर दी है कि इस बार पार्टी नए चेहरों पर दांव खेलना चाहती है।



### संजय पिल्ले को मिली संविदा नियुक्ति

**रायपुर,28अगस्त2023(ए)।** आईपीएस संजय पिल्ले को छत्तीसगढ़ शासन ने संविदा नियुक्ति दी है। मंत्रालय से इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया गया है। बता दें कि पीएचक्यू में ओएसडी के पद पर संविदा नियुक्ति देते हुए सरकार ने उन्हें जेल एवं सुधारात्मक सेवा का डीजी बनाया गया है। आईपीएस संजय पिल्ले सेवानिवृत्त होने से पहले इसी पद पर पदस्थ थे। बतों दें कि पिल्ले राज्य कैडर के 1988 बैच के आईपीए हैं। संविदा नियुक्ति पाने वाले पिल्ले राज्य के दूसरे आईपीएस हैं। इससे पहले सरकार ने इसी वर्ष रिटायर हुए पूर्व डीजीपी डीएम अवस्थी को भी संविदा नियुक्ति दी है।



## विधानसभा सचिव का पैसा लेते वीडियो बीजेपी ने किया वायरल

**रायपुर,28अगस्त2023(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिव का पैसा लेते वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है. इस वायरल वीडियो को लेकर जब सचिव दिनेश शर्मा से बात की गई तो उन्होंने इसका खंडन किया है. हालांकि इस वीडियो को कई साल पुराना बताया जा रहा है. साथ ही वायरल वीडियो पर कठोर कार्रवाई की बात कही गई है. विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया पर मेरी और विधानसभा की गरिमा को प्रभावित करने वाला आपत्तिजनक वीडियो वायरल हो रहा है. ये अत्यंत निंदनीय है. बिना किसी साक्ष्य और प्रामाणिक आधार के इस तरह के वीडियो का वायरल होना अत्यंत दुर्भाग्यजनक है. इस तथाकथित वीडियो में जो कुछ भी दिखाया गया है मैं सभी बातों का खंडन करता हूं. साथ ही इस तरह के दुर्भावना पूर्ण वीडियो बनाने वाले के खिलाफ विधि अनुरूप कठोर से कठोर दण्डनात्मक कार्रवाई के लिये मैं प्रयास कर रहा हूं. इस आपत्तिजनक दुर्भावनापूर्ण कार्य में संलिप्त लोगों के नाम सुनिश्चित कर उनके नाम सार्वजनिक हों इसके लिए मेरी पूरी कोशिश है.

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)